* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

25 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 214


एलजी के अधिकारों को लेकर उद्धव से मिले केजरीवाल




FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com


## महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन का किया उद्घाटन

# सभी को न्याय मिलना सुनिश्चित करें : राष्ट्रपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन का रिमोट का बटन दबा कर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इंसाफ के इस मंदिर से सभी को न्याय मिले, यह सुनिश्चित करना चाहिए। मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के जज अनिरुद्ध बोस, झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड हाइकोर्ट ने एक नया मुकाम हासिल किया है। इस हाईकोर्ट ने करीब ढाई दशक में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि कोर्ट न्याय का मंदिर है। राष्ट्रपति ने कहा कि लोगों को न्याय मिले, यह सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं अंग्रेजी में भाषण दे रही हूं, लेकिन स्थानीय भाषा की बात कर रही हूं। चीफ जस्टिस ने आज हिंदी में भाषण दिया। आप भविष्य में भी हिंदी में ही भाषण दें। इससे अन्य जज भी प्रभावित होंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि जेल में बंद अंडरट्रायल कैदियों की मैं मदद नहीं कर सकती। लेकिन आज मैं जजों और वकीलों के बीच हूं। जेल में भीड़ बहुत ज्यादा है। वहां लोगों का जीवन दूभर है। ऐसे लोगों को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां भारत के मुख्य न्यायाधीश और झारखंड के चीफ जस्टिस के अलावा बहुत से जज, वकील और विद्वान मौजूद हैं। बहुत से केस हाइकोर्ट में फाइनल होते हैं। बहुत से केस का फैसला सुप्रीम कोर्ट से आता है। जिनके पक्ष में फैसला आता है, वे खुश होते हैं। पांच-10 या 20 साल के बाद उनकी खुशी गायब हो जाती है, क्योंकि जिसके लिए वे खुश होते थे, वह उनको मिलता नहीं। जिसके लिए समय, रुपये और रातों की नींद बर्बाद कर दी, वह खुशी उन्हें नहीं मिलती। वे फिर से दुखी हो जाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं एक छोटे-से गांव से आयी हूं। मैं फैमिली काउंसलिंग सेंटर की एक सदस्य थी। कुछ केस फाइनल होने के बाद हम उनके घर जाते थे। यह देखने के लिए कि जिस केस को हमने फाइनल किया, वह परिवार ठीक है या नहीं। बहुत से लोग अपने फैसले लेकर मेरे पास आते हैं कि फैसला तो हमारे पक्ष में आ गया, लेकिन हमें न्याय नहीं मिला। मुझे नहीं मालूम सुप्रीम कोर्ट के आगे कुछ होता है। ऐसे लोगों का कुछ हो सकता है।




### शीघ्र इंसाफ नहीं मिलने से न्याय व्यवस्था पर लोगों की आस्था नहीं रहेगी : न्यायमूर्ति डीवाइ चंद्रचूड़

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाइ चंद्रचूड़ ने कहा कि झारखंड हाइकोर्ट का यह भवन आधुनिक राज्य और राष्ट्र का प्रतीक हो सकता है। न्याय के भवनों का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि शीघ्र न्याय नहीं मिलेगा, तो न्याय व्यवस्था पर लोगों की आस्था नहीं रहेगी। जिला और सत्र न्यायालयों को सक्षम बनाना हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का कर्तव्य है। जिला न्यायालयों में समानता लानी होगी। हमें अपने आप से कठोर सवाल पूछना होगा कि न्याय मिलने में उलझन रहने से न्याय कैसे मिलेगा।सर्वोच्च न्यायालय में अंग्रेजी में काम होता था। अब हिंदी और अन्य भाषाओं का भी उपयोग किया जा रहा है। छह हजार से ज्यादा निर्णयों के अनुवाद हिंदी में हो चुके हैं। इ-कोर्ट फेज तीन में सात हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था न्याय प्रणाली को आधुनिक प्रणाली में तब्दील करने में के लिए की गयी है। उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली और सामाजिक न्याय में सद्भाव बनाये रखना राष्ट्र का लक्ष्य है। समय पर सुनवाई हो, फैसले का दस्तावेज शीघ्र मिले, इसमें सुधार लाने की आवश्यकता है। आज भी आदिवासी और पिछड़ी जनजातियों की पास जमीन के दस्तावेज का अभाव है, इसका ध्यान रखना होगा। अदालत की कार्रवाई का लाइव प्रसारण हर घर में ले जाना महत्वपूर्ण प्रकल्प है।

### मातृशक्ति की पराकाष्ठा हैं हमारी राष्ट्रपति : जस्टिस संजय मिश्रा

झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि आज झारखंड के लिए बहुत गर्व का विषय है कि झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन का उद्घाटन हो रहा है। कम समय में इस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बहुत बहुत धन्यवाद। झारखंड हाइकोर्ट के उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रपति का आना एक गर्व की बात है। मातृशक्ति की पराकाष्ठा हैं हमारी राष्ट्रपति। उन्होंने कहा कि इस भवन का जब शिलान्यास हुआ था, उस समय आप झारखंड की राज्यपाल थीं। छह वर्षों के झारखंड के राज्यपाल के कार्यकाल में आपने कई बार इस नये भवन को लेकर समय-समय पर जानकारी ली। एक सामान्य परिवार से निकल कर देश की सर्वोच्च पद पर आसीन होने के लिए आपको बधाई।

### न्यायपालिका में आरक्षण की व्यवस्था हो : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समारोह में कहा कि झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन का उद्घाटन हुआ, यह झारखंड की जनता के लिए गौरव की बात है। इस भवन से झारखंड के लोगों को न्याय सुलभ होगा। राष्ट्रपति ने विचाराधीन कैदियों पर पिछले दिनों चिंता व्यक्त की थी। झारखंड में भी ऐसे कैदी हैं। 36 सौ ऐसे कैदी थे, जो पांच वर्षों से जेल में थे। 34 सौ कैदियों के मामले का निष्पादन किया गया। अभी चार वर्षों से लंबित 32 सौ मामले हैं। इन्हें भी छह महीने में निष्पादित कर लिया जायेगा। सरकार ने 160 सहायक लोक सेवकों की नियुक्ति की। उन्होंने कहा कि झारखंड में सुपीरियर जुडिशल सर्विस में जनजाति के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है। इसके लिए प्रावधान करने का आग्रह करूंगा। राज्य सरकार की जमीन का मूल्य जोड़ दिया जाये, तो एक हजार करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसमें केंद्र सरकार सहयोग करे। राज्य में 506 न्यायिक पदाधिकारी हैं और 658 कोर्ट रूम हैं।

### सुप्रीम कोर्ट से तीन गुना बड़ा परिसर है

लगभग छह सौ करोड़ रुपये की लागत से बने झारखंड हाइकोर्ट का नया परिसर सुप्रीम कोर्ट से करीब तीन गुना बड़ा है। कैंपस में विभिन्न प्रजातियों के लगभग दो हजार पौधे लगाये गये हैं। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा हाइकोर्ट भवन और बड़ा कैंपस भी है। गर्मी की छुट्टियों के बाद नये हाइकोर्ट परिसर में न्यायिक गतिविधियां शुरू होंगी।

### ये रहे उपस्थित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हाइकोर्ट के नये भवन को जनता को समर्पित किये जाने के बाद हाइकोर्ट के नये भवन का वर्चुअल टूर हुआ। कार्यक्रम में त्रिपुरा हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह, झारखंड हाइकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस वीरेंद्र सिंह, दिल्ली हाइकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस डीएन पटेल, झारखंड हाइकोर्ट के सभी जज, सेवानिवृत्त जज, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो उपस्थित थे।

### स्थानीय भाषा में एक्सेस टू जस्टिस पर काम करेंगे : मेघवाल

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि जब संविधान निर्माताओं ने संविधान बनाया था और राष्ट्र को संविधान सौंपा था, उस समय बाबा साहेब ने बहुत शानदार भाषण दिया था। उसमें उन्होंने कहा था कि हम सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की स्थापना करने जा रहे हैं। आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। 75 साल पूरे हुए आजादी के। अब विश्लेषण करने का समय है कि हम उस अवधारणा पर खरे उतरे या नहीं। उन्होंने कहा कि 2047 में जब आजादी का शताब्दी वर्ष मनायेंगे, तब एक विकसित भारत को देखेंगे। न्याय को और सरल बनाना है। फास्ट ट्रैक कोर्ट सभी नवाचार हैं। लोगों को न्याय मिले, इसके लिए सैकड़ों नवाचार न्याय व्यवस्था में किये जा रहे हैं। वर्चुअल हियरिंग शुरू हुई। तकनीक के माध्यम से भी हम न्याय के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। इस वर्ष के बजट में ऐसी व्यवस्था की गयी है कि जो गरीब कैदी हैं, जुर्माना नहीं भर सकते हैं, उनके लिए राशि की व्यवस्था की जायेगी। डेढ़ हजार से ज्यादा अप्रासंगिक कानून रद्द हुए। सबों को न्याय मिले इसपर काम हो रहा है। अगले 25 वर्षों में स्थानीय भाषा में एक्सेस टू जस्टिस पर काम करेंगे।

### समय पर न्याय की उम्मीद : राज्यपाल

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि लोगों को इस नये भवन से समय पर न्याय मिले, इसकी उम्मीद करता हूं। देश का यह सबसे बड़ा हाइकोर्ट परिसर है। भविष्य की योजना के लिए यह बेहतर उदाहरण है।


BETHEL COLLEGE OF NURSING
RANCHI
ADMISSION OPEN
B.SC NURSING
SESSION 2023-24
SCHOLARSHIP FACILITY AVAILABLE
CONTACT:
7631006982/ 8709561347
bethelcollegeofnursing.com
ADD- VILL ARSANDEY, PO BOREYA, PS KANKE, RANCHI JH 834006

OXFORD PUBLIC SCHOOL
RANCHI
CELEBRATING 27 GLORIOUS YEARS OF UNPARALLELED EXCELLENCE
AFFILIATED TO CBSE, DELHI | AFFILIATION NO. : 3430121
AN ISO 9001:2000 CERTIFIED ENGLISH MEDIUM CO-ED SENIOR SECONDARY SCHOOL
SCIENCE | COMMERCE | ARTS
NATIONALLY RECOGNISED TEACHING FACULTY
UNMATCHED INFRASTRUCTURE
TOP RANKS IN CBSE X & XII EXAMS EVERY YEAR IN ALL STREAMS
ADMISSION FOR CLASS XI GOING ON
Direct Admission on the basis of Class X Board Result (All Boards) :
PCM/PCB-80% & above | Commerce-75% & above | Arts-70% & above
SCHOLARSHIP OPPORTUNITIES :
≥95% Rs. 15,000; 90%-95% Rs. 10,000; 85% to <90% Rs. 5000
CONGRATULATIONS CHILDREN ON YOUR SUCCESS!
OUR TOPPERS
STD. X: 98% ANSHIKA SHARMA; 97.6% ATUL ANAND; 97.4% SRIJAN RAJ GUPTA; 96.8% SIDDARTH BHARTI
STD. XII ARTS: 97.2% SWARNIMA MALIKA TOPPO; 95.6% SOUMYADIP DAS; 93.8% ANJALI SRIVASTAV; 92.2% MAHI KUMARI
STD. XII COMMERCE: 96.6% TRIDISHA SIKDAR; 96% AKRITI RAJ; 95% PRAGYA KESHRI; 93.6% ASHISH RAJ
STD. XII SCIENCE: 96% DISHA; 96% ANKIT SAHU; 96% ANJALI GAURAV; 95.8% SIMRAN KUMARI
SPECIAL MENTORING CLASSES FOR JEE | NEET | CUET | CA & CIVIL SERVICES
RISE ABOVE THE REST
+91-7485096733 (JUNIOR WING) | +91-7485096731 (SENIOR WING)
WWW.OXFORDPUBLICSCHOOL.NET.IN | OXFORDPSRANCHI@REDIFFMAIL.COM

USHA MARTIN UNIVERSITY
ISO 9001 : 2015 Certified | Recognized by University Grants Commission (UGC)
Member of Association of Indian Universities (AIU)
Approved by: PCI | BCI | JNC | AICTE
JOIN FOR ENDLESS OPPORTUNITIES WITH QUALITY EDUCATION
Upto ₹ 3 CRORES Worth Scholarships for Meritorious & Deserving Students
EXCELLENT Internships & Placement Opportunities
World Class SPORTS FACILITIES
ADMISSION OPEN 2023-24
- BBA | MBA
- B.COM (Hons.) | Taxation
- BCA | MCA
- B.Tech (Mechanical, Mining, Computer Science, Civil)
- B.Tech (Lateral Entry)
- M.Tech (Mechanical, Mining, Computer Science, Civil)
- Diploma in Engineering (Mining, Civil, Electrical & Electronics, Computer Science, Mechanical) ( Approved by: AICTE )
- BA (English) Hons.
- MA (Education) | MA (English)
- B.Sc Agriculture (Hons.)
- M.Sc Agriculture
- D.Pharm | B.Pharm
- B.Sc Forensic Science
- Bachelor in Physiotherapy (BPT)
- B.Sc & Diploma in Medical Lab Technology (MLT)
- B.Sc Radiography and imaging technology
- B.Sc Operation Theatre Technology (OT)
- B.Sc (Nursing) | GNM
- B.B.A. LL.B (Integrated) | LL.M
- Bachelor in Journalism & Mass Communication (BJMC)
NEWLY LAUNCHED PROGRAMMES (In Collaboration with IBM and TCS)
- B. TECH CSE : DATA SCIENCE /AI & ML / CYBER SECURITY
- BBA/MBA : BUSINESS INTELLIGENCE & DATA ANALYTICS, BANKING & FINANCE
- BCA/MCA : BLOCK CHAIN
Our Placement Associates
Campus: At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi
Contact: Ranchi : +91 8055 200 400 • Patna: +91 9952 923 636
E-mail: admission@umu.ac.in • Website: www.umu.ac.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,700 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# संसद भवन के उद्घाटन के बहिष्कार का औचित्य क्या है!

## ■ लोकतंत्र के मंदिर की पवित्रता पर इस फैसले से लगेगा दाग

## ■ इंदिरा गांधी ने किया था पार्लियामेंट एनेक्सी का उदघाटन

## ■ इस तरह के आयोजनों को सियासत से दूर रखा जाना चाहिए

**लोकतांत्रिक व्यवस्था की परिकल्पना में सत्ता पक्ष और विपक्ष की भूमिकाओं को परिभाषित तो किया गया है, लेकिन दोनों पक्षों की भूमिका के पहलुओं को सही तरीके से बताया नहीं गया है। यह बात भारतीय परिप्रेक्ष्य में विशेष रूप से लागू होती है, जहां विपक्ष का मतलब सत्ता पक्ष के हर कदम का विरोध माना जाता है। अब नये संसद भवन के उद्घाटन को लेकर मचे सियासी संग्राम को ही लिया जाये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को इस नये संसद भवन का उद्घाटन करनेवाले हैं, लेकिन विपक्षी दलों ने देश की गरिमा के इस समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा की है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों का कहना है कि सर्वोच्च संवैधानिक पद पर होने के नाते राष्ट्रपति को नये संसद भवन का उद्घाटन करना चाहिए। विपक्ष का कहना है कि समारोह में राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति को नहीं बुलाया जाना दोनों का अपमान है। विपक्ष के इस बहिष्कार की मुहिम का नेतृत्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर रहे हैं। विपक्ष का यह भी कहना है कि 28 मई की तारीख को जानबूझ कर चुना गया है। इस दिन एक तरफ वीर सावरकर की जयंती है, जो भाजपा के सबसे बड़े आदर्श माने जाते रहे हैं, तो दूसरी तरफ देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की अंत्येष्टि की वर्षगांठ है। इसलिए इस दिन संसद भवन का उद्घाटन देश के संस्थापक पिताओं का 'अपमान' है। दरअसल, नये संसद भवन के उद्घाटन को लेकर जो विवाद है, वह मूलतः राजनीतिक है। सौ साल पुराने भवन के स्थान पर भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए नया भवन बनना चाहिए, यह तो सभी दल मान रहे थे। मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल से ही इसे प्राथमिकता दी और अब दूसरा कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इसका उद्घाटन होने जा रहा है, तो यह बड़ी उपलब्धि है। सरकार इसे अपने पक्ष में भुनायेगी ही। अगर इसकी बनावट में कोई गड़बड़ हुई है, कोई घोटाला हुआ है, कोई काम सही नहीं हुआ है, तो विपक्ष को उसे उठाना चाहिए। उद्घाटन कौन कर रहा है, इस मुद्दे को उठाने से विपक्ष को कोई लाभ नहीं मिलने वाला। इतना ही नहीं, विपक्ष के इस फैसले का जनता में गलत संदेश भी जायेगा। नये संसद भवन के उद्घाटन पर उठे सियासी तूफान के विभिन्न पहलुओं के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह



दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र इन दिनों एक नये सियासी विवाद में घिरा हुआ है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि विवाद की वजह लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर का उद्घाटन है। कांग्रेस और 18 अन्य विपक्षी दलों ने नये संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने का फैसला किया है। नये संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को करेंगे। विपक्ष ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बिना भवन का उद्घाटन करने का निर्णय उच्च कार्यालय का अपमान करता है। राष्ट्रपति का, और संविधान के पत्र और भावना का उल्लंघन करता है। विपक्षी दलों ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा स्वयं भवन का उद्घाटन करने का निर्णय लोकतंत्र पर सीधा हमला है, जो एक समान प्रतिक्रिया की मांग करता है। विपक्षी दलों के साझा बयान में कहा गया है कि जब लोकतंत्र की आत्मा को संसद से चूस लिया गया है, तो हमें नयी इमारत में कोई मूल्य नहीं मिलता है। हम नये संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने के अपने सामूहिक निर्णय की घोषणा करते हैं। हम इस निरंकुश प्रधानमंत्री और उनकी सरकार के खिलाफ, पत्र में, भावना में, और पदार्थ में लड़ाई जारी रखेंगे, और हमारे संदेश को सीधे भारत के लोगों तक ले जायेंगे। विपक्ष का कहना है कि संसद का कस्टोडियन राष्ट्रपति होता है। वैसे भी राष्ट्रीय महत्व के समारोहों में राष्ट्रपति का शामिल होना देश की संप्रभुता को मजबूती देता है। ऐसे में नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा नहीं किया जाना संविधान का अपमान है।

### भाजपा ने किया पलटवार

नये संसद भवन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों उद्घाटन करने का विरोध कर रहे विपक्ष को सत्ता पक्ष की तरफ से केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने करारा जवाब दिया। उन्होंने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गांधी ने पार्लियामेंट एनेक्सी का उद्घाटन किया था और फिर राजीव गांधी ने पीएम रहते लाइब्रेरी भवन की आधारशिला रखी थी। बता दें कि 24 अक्टूबर 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संसदीय एनेक्सी का उद्घाटन किया था और 15 अगस्त 1987 को राजीव गांधी ने पार्लियामेंट लाइब्रेरी की नींव रखी थी। अब अगर 28 मई को पीएम मोदी नये संसद भवन का उद्घाटन करने जा रहे हैं, तो हल्ला क्यों। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर राष्ट्रीय चेतना और देश की उपलब्धियों को लेकर गौरव की भावना की कमी का आरोप भी लगाया। पुरी ने याद दिलाया कि किस तरह पहले कांग्रेसी नेता द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर अभद्र टिप्पणी कर रहे थे और अब उसी कांग्रेस के नेता नये संसद भवन के उद्घाटन के लिए उनका चुनाव नहीं किये जाने पर अनावश्यक टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि राष्ट्रीय पार्टी होने का दावा करनेवाली कांग्रेस में भारत की प्रगति में राष्ट्रीय भावना और गर्व की भावना का अभाव है। पुरी ने कहा कि अब अपने पाखंड को सही ठहराने के लिए संविधान के अनुच्छेद खोजने की बजाय विपक्ष को देश की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में शामिल होना चाहिए। पुरी ने कहा कि खुद राष्ट्रपति मुर्मू भी चाहती हैं कि प्रधानमंत्री मोदी नये भवन का उद्घाटन करें। राहुल गांधी की अराजकतावादी राजनीति के कारण कांग्रेस की विकृत मानसिकता अधिक गहरी हो गयी है। उनके अनुसार देश की जनता संसद के नये भवन के उद्घाटन का बेसब्री से इंतजार कर रही है। यह भारतीय लोकतंत्र का प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियां नकारात्मक और पराजयवादी मानसिकता को दर्शाती हैं।

### किसे भेजा गया है समारोह का निमंत्रण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 28 मई को नये संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। दोनों सदनों के सांसदों को भौतिक और डिजिटल दोनों रूपों में निमंत्रण भेजा गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा इस अवसर पर बधाई संदेश जारी किये जाने की संभावना है। समारोह में देश की जानी-मानी हस्तियों के अलावा सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, विधानसभा अध्यक्षों, सेना और अर्द्धसैनिक बलों के शीर्ष अफसरों, राजनयिकों और खिलाड़ियों-कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

### ढाई साल के रिकॉर्ड समय में बना है संसद भवन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 दिसंबर, 2020 को नये संसद भवन की आधारशिला रखी। इसे रिकॉर्ड समय में गुणवत्तापूर्ण निर्माण के साथ बनाया गया है। संसद के वर्तमान भवन में लोकसभा में 543 तथा राज्यसभा में 250 सदस्यों के बैठने का प्रावधान है। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संसद के नवनिर्मित भवन में लोकसभा में 888 और राज्यसभा में 384 सदस्यों की बैठक कराने की व्यवस्था की गयी है। दोनों सदनों का संयुक्त सत्र लोकसभा कक्ष में होगा।

### विपक्ष के फैसले से देश में गया गलत संदेश

नये संसद भवन के उद्घाटन के बहिष्कार के फैसले का देश भर में गलत संदेश गया है। विपक्ष को यह समझना चाहिए कि संसद भवन देश की गरिमा और संप्रभुता का सर्वोच्च प्रतीक होने के साथ-साथ लोकतंत्र का मंदिर भी है। यह किसी एक दल या सरकार की संपत्ति नहीं है और न ही यह समारोह किसी राजनीतिक दल या सरकार का है। इसके उद्घाटन का बहिष्कार करने का मतलब इसकी पवित्रता को कलंकित करना ही माना जायेगा। इसलिए कहा जा सकता है कि विपक्ष का यह कदम निश्चित रूप से नये संसद भवन के रूप में देश की गरिमा को कम करनेवाला है।

---

टॉफी, टी-शर्ट गड़बड़ी मामले में आया नाम

## रांची के पूर्व डीसी मनोज समेत कई अफसर फंस सकते हैं मुश्किल में

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने स्थापना दिवस के अवसर पर टॉफी और टी-शर्ट खरीद में हुई गड़बड़ी मामले में रांची के पूर्व डीसी मनोज कुमार सहित तीन लोगों के खिलाफ जांच की अनुमति सरकार से मांगी है। एसीबी ने जिनके खिलाफ जांच की अनुमति मांगी है, उनमें रतन श्रीवास्तव और सौरभ कुमार का नाम शामिल ह।वर्ष 2016 में राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर सरकार ने प्रभातफेरी में शामिल होनेवाले पांच लाख बच्चों को टी-शर्ट और टॉफी देने का फैसला किया था। इसके तहत 6.97 करोड़ की लागत से सामान क्रय करने का निर्णय लिया गया। फैसले के तहत सरकार ने लुधियाना की कुडू फैब्रिक्स को 100 रुपये की दर से पांच लाख टी-शर्ट और जमशेदपुर की लल्ला इंटरप्राइजेज को टॉफी आपूर्ति का काम दिया था। सरकार के इस फैसले के आलोक में इसे लागू किया गया। बाद में टी-शर्ट और टॉफी खरीद में गड़बड़ी का आरोप लगा। इसके बाद सरकार ने इस मामले में निगरानी जांच (एसीबी) का आदेश दिया।

इसके बाद निगरानी ने पीइ दर्ज कर मामले की प्रारंभिक जांच शुरू की। इसमें रांची के तत्कालीन डीसी मनोज कुमार, जेइपीसी के तत्कालीन नोडल अफसर रतन श्रीवास्तव और सौरभ कुमार की संलिप्तता पायी गयी। एसीबी ने प्रारंभिक जांच में पाया कि रतन श्रीवास्तव ने कुल 1000 बैग टॉफी रिसिव किया। हर बैग में टॉफी के 500-500 पैकेट थे।

रतन श्रीवास्तव ने 13 नवंबर को टॉफी के 100 बैग और 14 नवंबर को 900 बैग टॉफी रिसिव किया। प्रारंभिक जांच में इस बात की भी जानकारी मिली कि बहुत सारे टी-शर्ट लुधियाना से रांची के लिए भेजे जाने से पहले ही यहां वितरित दिखाया गया। सामग्री की आपूर्ति के पहले किसी ने गुणवत्ता की जांच नहीं की। इस स्थिति को देखते हुए एसीबी ने संशोधित पीसी एक्ट की धारा 17(ए)(1)(बी) के तहत तत्कालीन उपायुक्त सहित तीनों अधिकारियों के खिलाफ जांच करने की अनुमति सरकार से मांगी है।

## जिस केस में बेगुनाह रहा जेल में, अब असली मुजरिम प्रिंस सोनी को सिविल कोर्ट ने सुनायी उम्रकैद की सजा

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची सिविल कोर्ट ने विमल महतो हत्याकांड में फैसला सुना दिया है। अदालत ने इस केस के अभियुक्त प्रिंस सोनी को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही दोषी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। नगड़ी थाना से जुड़े कांड संख्या 157/21 में पुलिस एक बेकसूर सूरज को भी जेल भेज चुकी है, जिसे पिछले सप्ताह कोर्ट ने बरी कर दिया था। सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त 15 दिनेश कुमार की कोर्ट में इस केस का ट्रायल हुआ। अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाह पेश किये गये। उन गवाहों के बयान और पुलिस द्वारा अदालत में दिये गये साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने प्रिंस सोनी को सजा सुनायी है। इस केस का एक अन्य अभियुक्त सूरज सोनी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

## निलंबित आइएएस छवि रंजन की याचिका खारिज



**रांची (आजाद सिपाही)।** जमीन घोटाला मामले में निलंबित आइएएस छवि रंजन की याचिका इडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। आइएएस छवि रंजन ने याचिका दाखिल कर कोर्ट से पत्नी और बच्चों से सप्ताह में दो दिन मिलने की इजाजत मांगी थी, लेकिन इडी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने उन्हें अनुमति देने से इंकार कर दिया है। छवि रंजन पत्नी-बच्चों से जेल मेनुअल के मुताबिक ही मिल पायेंगे। इससे पूर्व 18 मई को हुई सुनवाई के दौरान छवि रंजन के अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया था कि उन्हें सप्ताह में दो दिन परिवारवालों से मिलने दिया जाये। इस पर इडी के विशेष लोक अभियोजक शिव प्रसाद उर्फ काका ने पुरजोर विरोध किया था। उन्होंने यह दलील दी थी कि न्यायिक हिरासत में रह रहे किसी भी व्यक्ति को विशेष सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। जब तक आरोपित जेल में है, उसे जेल मैनुअल के मुताबिक ही सुविधा मिलती है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने छवि रंजन की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पर कोर्ट ने फैसला सुनाया।

### गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को भेजा गया जेल



**रांची (आजाद सिपाही)।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को छह दिन की पूछताछ के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अमन की पेशी हुई। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। एटीएस ने 19 मई को पूछताछ के लिए अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लिया था। उसकी गिरफ्तारी 16 मई को हुई थी। एटीएस टीम ने महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से उसे वासी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे मुंबई कोर्ट में प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची लाया गया था। ट्रांजिट रिमांड की अवधि खत्म होने से पहले उसे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 18 मई को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। गैंगस्टर पर कुल 23 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## मंत्री आलमगीर आलम ने 28 अग्नि पीड़ितों को आंबेडकर आवास योजना का स्वीकृति पत्र दिया

14 सखी मंडलों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाकुड़।** पाकुड़ के गंधाईपुर में पिछले माह एक ही दिन कुल 28 परिवारों के घर आगलगी से जल गये। इसी मामले को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री सह पाकुड़ विधायक आलमगीर आलम ने अग्नि पीड़ितों को बड़ी राहत देते हुए आंबेडकर योजना अंतर्गत 2023-24 के स्वीकृति पत्र का वितरण किया है। स्वीकृति मिलते ही अग्नि पीड़ितों का आवास बनाया जायेगा। साथ ही मंत्री ने 8 सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज को लेकर 12 लाख, 6 सखी मंडलों को सामुदायिक निवेश निधि को लेकर तीन लाख का चेक वितरण किया एवं मनरेगा अंतर्गत 4 सखी मंडल की दीदियों को दीदी बाड़ी योजना का स्वीकृति पत्र वितरण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त मो शाहिद अख्तर, सदर अंचलाधिकारी आलोक वरण केसरी उपस्थित थे।

## मधुकर गंगाधर के समग्र साहित्यिक मूल्यांकन पर गोष्ठी का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मधुकर गंगाधर नयी कहानी दौर के बेहद महत्वपूर्ण कथाकार थे। हालांकि, वे किसी आंदोलन को नहीं मानते थे। यही वजह थी कि उन्होंने नयी कहानी की शव परीक्षा शीर्षक लेख लिखा था, जो काफी चर्चित हुआ था। मधुकर गंगाधर की कहानियों में जहां लोकराग की जीवंतता है, वहीं वैचारिकता की उष्मा भी है। यह बात हरमू स्थित विद्यापति दालान में मधुकर के साहित्य पर आयोजित गोष्ठी में बुधवार को प्रोफेसर डॉ नरेंद्र झा ने कही।

दूरदर्शन के पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि रेणु की माटी के कथाकार मधुकर गंगाधर की कहानियों में सामाजिक अंतर्विरोध, आर्थिक विषमताएं,



शोषित वर्ग के प्रति संवेदनशीलता और सांस्कृतिक विडंबनाओं का प्रत्यक्ष वर्णन मिलता है। ढिबरी कहानी से अपनी पहचान स्थापित करने वाले मधुकर ने मनुष्य की चेतना और संघर्ष को सहज भाषा में शिल्प के नयेपन के साथ पेश किया। ढिबरी, केंचुल और गंध, बरगद, बैल का विद्रोह, खून, हिरना की आंखें आदि मधुकर गंगाधर की चर्चित और प्रतिनिधि कहानियां हैं।

डॉ कृष्णमोहन झा मोहन ने कहा कि मधुकर जीवन के अंतिम क्षण तक साहित्य सृजन में व्यस्त रहे और कहानियों के अलावा उन्होंने कई उपन्यास और कविता, नाटक, समीक्षा, रेडियो रूपक आदि का भी सृजन किया। मैथिली के वरिष्ठ लेखक केदार कानन ने कहा कि कोसी अंचल के साहित्य और साहित्यकारों पर शोधपूर्ण आलोचना के लिए विख्यात डॉ वरुण कुमार तिवारी ने मधुकर गंगाधर के साहित्य का समग्र मूल्यांकन करते हुए अत्यंत विचारोत्तेजक कृति मधुकर गंगाधर का समग्र मूल्यांकन का प्रणयन किया है। इस मौके पर बुधवार को आयोजित इस वैचारिक गोष्ठी में कई साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 38.8 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.05 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 मई, 2023
www.azadsipahi.in



# बाबा नगरी से शुरू हुआ राष्ट्रपति का तीन दिवसीय झारखंड दौरा

## महामहिम ने बाबा वैद्यनाथ की पूजा की : रांची में धरती आबा और परमवीर को पुष्पांजलि अर्पित की





आजाद सिपाही टीम

**देवघर/रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तीन दिवसीय झारखंड दौरा बुधवार को बाबा नगरी देवघर से शुरू हुआ। सुबह करीब 10 बजे भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से राष्ट्रपति देवघर हवाई अड्डे पर उतरीं। वहां राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे तथा अन्य विशिष्ट लोगों ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। हवाई अड्डे से राष्ट्रपति सीधे बाबा मंदिर पहुंचीं और बाबा वैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश की सुख-समृद्धि की कामना बाबा बैद्यनाथ से की। द्रौपदी मुर्मू को षोडशोपचार विधि के द्वारा बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना पुरोहित द्वारा करायी गयी। मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही शंखनाद के साथ राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया गया। महामहिम के आगमन को लेकर पूरे शहर में चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था की गयी थी। बाबा मंदिर से राष्ट्रपति सर्किट हाउस गयीं। वहां कुछ देर विश्राम करने के बाद वह हवाई अड्डा पहुंचीं और रांची चली गयीं।

**अल्बर्ट एक्का चौक पर आम लोगों से मिलीं राष्ट्रपति :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की एक झलक देखने के लिए लोग इंतजार करते दिखे। राष्ट्रपति के इस दौरे में कई चीजें पहली बार देखने को मिलीं। राष्ट्रपति जब रांची की हृदय स्थली अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचीं, तो उनकी एक झलक पाने के लिए सैकड़ों लोग कड़ी धूप में इंतजार करते नजर आये। अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद राष्ट्रपति प्रोटोकॉल तोड़ कर लोगों के करीब पहुंचीं और उनका अभिवादन स्वीकार करने लगीं।

### राष्ट्रपति के दौरे पर पुलिस छावनी में तब्दील हुई रांची

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे के मद्देनजर राजधानी को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। राजभवन, नये हाइकोर्ट भवन और एयरपोर्ट के आसपास के इलाकों में निगरानी के लिए सुरक्षा घेरा तैयार किया गया था। राजधानी के हर गली-मुहल्ले के पास पुलिसकर्मियों की तैनाती है। कहीं भी वाहन खड़ा करने की इजाजत नहीं है। सड़क के दोनों ओर पुलिस के जवान मुस्तैद हैं। रूटों को डायवर्ट कर दिया गया है।

### पहली बार कोई राष्ट्रपति अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचा

राज्यपाल रहने के दौरान द्रौपदी मुर्मू कई बार अल्बर्ट एक्का चौक पहुंची थीं, लेकिन राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार वह आज यहां पहुंचीं। बताया जा रहा है कि द्रौपदी मुर्मू से पहले कोई भी राष्ट्रपति अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने यहां नहीं आया था। माल्यार्पण के बाद वहां लोगों की भीड़ के करीब जाकर उनका अभिवादन राष्ट्रपति ने स्वीकार किया, तो हर कोई उनकी सादगी की चर्चा करने लगा। कई लोगों का कहना था कि ऐसा पहली बार हुआ, जब उन्होंने किसी राष्ट्रपति को इतने करीब से देखा हो। राष्ट्रपति से मिल कर सभी लोग काफी प्रसन्न दिखे।

# सीएम हेमंत ने मांगा उच्च न्यायिक सेवा में आरक्षण



### रांची में सीएम हेमंत सोरेन ने किया स्वागत

**राष्ट्रपति का विमान करीब 12 बजे रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उतरा। वहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रांची सांसद संजय सेठ तथा अन्य गणमान्य लोगों ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। हवाई अड्डा से राष्ट्रपति बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के पास पहुंचीं। वहां उन्होंने धरती आबा को पुष्पांजलि अर्पित की। बिरसा चौक से राष्ट्रपति मेन रोड स्थित शहीद परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर पहुंचीं। वहां उन्होंने परमवीर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने हाथ हिला कर वहां मौजूद लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। वहां से राष्ट्रपति राजभवन पहुंचीं। वहां राज्यपाल और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट के नये भवन के उद्घाटन समारोह में अपने भाषण में उच्च न्यायिक सेवा में आरक्षण की मांग की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने अपने संबोधन में सीएम ने झारखंड को वीरों की धरती बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के नये भवन का उद्घाटन आज राष्ट्रपति के कर कमलों से संपन्न हो रहा है। यह झारखंड की करोड़ों जनता के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि लगभग 165 एकड़ में फैले इस परिसर में झारखंड उच्च न्यायालय भवन का निर्माण 600 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया है। एक आदिवासी बाहुल्य छोटे राज्य में यह भवन तथा परिसर देश के किसी भी उच्च न्यायालय के भवन तथा परिसर से बड़ा है। मुझे आशा है कि झारखंड राज्य जहां आदिवासी, दलित, पिछड़े एवं गरीब लोगों की बहुलता है, उन्हें सरल, सुलभ, सस्ता तथा तीव्र न्याय दिलाने की दिशा में यह संस्थान एक मील का पत्थर साबित होगा।

सीएम ने कहा कि गत वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति महोदया द्वारा पूरे देश के जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों की बढ़ती संख्या पर अपनी चिंता व्यक्त की गयी थी। झारखंड में भी छोटे-छोटे अपराधों के लिए बड़ी संख्या में गरीब आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक एवं कमजोर वर्ग के लोग जेलों में कैद हैं। यह चिंता का विषय है। इस पर गंभीर मंथन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष हमने ऐसे मामलों की सूची तैयार करायी, जो अनुसंधान हेतु पांच वर्षों से अधिक अवधि से लंबित थे। उनकी संख्या लगभग 3600 थी। एक अभियान चलाकर इनमें से 3400 से अधिक मामलों का निष्पादन कराया गया है। अब हमने चार वर्षों से अधिक अवधि से लंबित मामलों की सूची तैयार की है। इनकी संख्या भी लगभग 3200 है। हम प्रयास कर रहे हैं कि इन मामलों का निष्पादन अगले छह माह के अंदर कर दिया जाये। मैं इसकी लगातार निगरानी कर रहा हूं। सीएम ने कहा कि अधीनस्थ न्यायपालिका में सहायक लोक अभियोजकों की कमी के कारण मामलों के निष्पादन में दिक्कतें आ रही थी। गत माह ही हमने 107 सहायक लोक अभियोजकों की नियुक्ति की है और मुझे आशा है कि इससे मामलों के निष्पादन में तेजी आयेगी। उन्होंने कहा, मुझे भारत के मुख्य न्यायाधीश को सुनने का मौका मिला है। आप अधीनस्थ न्यायपालिका की गरिमा और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए चिंतित रहते हैं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि झारखंड राज्य में अधीनस्थ न्यायपालिका के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर भी बहुत बेहतर कार्य हुआ है। मुझे लगता है कि देश में सबसे अच्छी स्थिति हमारे राज्य की है। आज झारखंड में कुल 506 न्यायिक पदाधिकारी कार्यरत हैं, जिनके लिए 658 अदालत के कमरे तथा 639 आवास उपलब्ध हैं। अधीनस्थ न्यायपालिका के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भविष्य में भी जो आवश्यकताएं होंगी, राज्य सरकार उसको प्राथमिकता देगी ।

सीएम ने कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग कर न्यायिक प्रणाली को कैसे सरल, सुलभ, सस्ता तथा तीव्र बनाया जाये, इसके लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अच्छी पहल की जा रही है। मैं उसकी सराहना करता हूं और आपको आश्वस्त करना चाहूंगा कि अगर इस कार्य के लिए कोई भी प्रोजेक्ट झारखंड के लिए तैयार किया जायेगा, तो सरकार उसे पूरा सहयोग करेगी।

सीएम ने आगे कहा कि एक महत्वपूर्ण विषय की ओर उपस्थित महानुभावों का ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगा। झारखंड राज्य में सुपीरियर न्यायिक सेवा में आदिवासी समुदाय की नगण्य उपस्थिति एक चिंता का विषय है। इस सेवा की नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण का प्रावधान नहीं रखा गया है। चूंकि इसी सेवा से उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किये जाते हैं, इसलिए उच्च न्यायालय में भी वही स्थिति है। अतः मैं चाहूंगा कि इस आदिवासी बाहुल्य राज्य में वरीय न्याय सेवा की नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण का प्रावधान किया जाये। सीएम ने कहा कि आज हमारे बीच नये माननीय कानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल जी उपस्थित हैं। मुझे लगता है झारखंड में शायद यह आपकी पहली यात्रा है। मैं आपका स्वागत करता हूं और एक बात आपके समक्ष रखना चाहूंगा। यद्यपि भारत सरकार द्वारा अधीनस्थ न्यायपालिका के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए केंद्र प्रायोजित योजना चलायी जा रही है, परंतु ऐसी कोई स्कीम उच्च न्यायालयों के लिए उपलब्ध नहीं है। अगर जमीन की कीमत जोड़ ली जाये, तो राज्य सरकार द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय के इस नए भवन पर लगभग एक हजार करोड़ रुपये की राशि खर्च की गयी है। इसमें केंद्र सरकार की कोई हिस्सेदारी नहीं है। समय-समय पर उच्च न्यायालयों में भी अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता पड़ती है। अतएव मेरा अनुरोध होगा कि भारत सरकार उच्च न्यायालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी एक केंद्र प्रायोजित योजना लागू करे।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि मेरी मान्यता है कि न्यायालयों के कार्यों का निष्पादन स्थानीय भाषाओं में किये जाने की नितांत आवश्यकता है, ताकि न्याय के मंदिरों और गरीब आम जनों के बीच की दूरी कम हो सके। न्यायिक पदाधिकारियों और सहायक लोक अभियोजकों के लिए कम-से-कम एक स्थानीय भाषा का सीखना भी बाध्यकारी किया जाना चाहिए, ताकि न्याय को और सुलभ बनाया जा सके।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बाबा नगरी में मंत्री मिथिलेश ने किया स्वागत

# मुख्यमंत्री की ओर से उपहार स्वरूप बाबा मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट किया

**पूजा के बाद राष्ट्रपति को मंत्री श्री ठाकुर ने मंदिर श्राईन बोर्ड की तरफ से अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/गढ़वा।** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बाबा नगरी देवघर पहुंचने के बाद बाबा बैद्यनाथ मंदिर में राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से उपहार स्वरूप बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट किया।

देवघर पहुंचने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि की कामना की। यहां पुरोहितों ने उन्हें षोड्शोपचार विधि से बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कराई गयी।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने समस्त मानवजाति की सुख-समृद्धि, शांति, एकता व अखंडता के साथ कल्याण की प्रार्थना की। पूजा के बाद महामहिम राष्ट्रपति को मंत्री श्री ठाकुर ने मंदिर श्राईन बोर्ड की तरफ से अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

राष्ट्रपति बाबा मंदिर में पूजन व दर्शन करने के बाद देवघर एयरपोर्ट के लिए रवाना हुईं। इसके बाद वे देवघर से रांची के लिए रवाना हो गईं।

## उठ रहे सवाल : आखिर पुलिस क्यों नहीं गिरफ्तार कर रही भास्कर को

# ऋत्विक कंपनी के एजीएम मिले हुए थे अपराधियों से

**पुलिस का खुलासा, 30 से ज्यादा कॉल किये थे अपराधियों ने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** एनटीपीसी की आउटसोर्सिंग कंपनी ऋत्विक के एजीएम एल भास्कर सिंह का रिश्ता अपराधी अमन साहू और उसके गुर्गों के साथ था। अपराधियों के साथ एजीएम की बातचीत का रिकॉर्ड पुलिस को मिल गया है। इसके अनुसार एजीएम के पास अपराधियों ने 30 से अधिक बार कॉल किया था। करीब चार घंटे तक गिरोह के सदस्यों के साथ भास्कर सिंह ने बात की है।

कंपनी के को-ऑर्डिनेटर शरद कुमार की हत्या के पहले भास्कर सिंह ने अपराधियों को उकसा कर ट्रांसपोर्टिंग का काम बंद कराया था। इस संबंध में हजारीबाग पुलिस ने अधिकारी से लंबी पूछताछ की।

इस दौरान उन्होंने कई आरोपों को स्वीकार कर लिया। इसके बावजूद उनके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यही बड़ा सवाल इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### क्यों हुई हत्या

गैंगस्टर अमन साहू को रिमांड पर लेकर चतरा पुलिस पूछताछ कर रही है। इसमें उसने स्वीकार किया है कि उसके इशारे पर ही शरत कुमार की हत्या की गयी। कंपनी से करीब 60 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग की गयी थी। सौदा भी तय हो गया था। रकम भुगतान होने के ठीक पहले शरत कुमार ने अड़ंगा लगा दिया था। इसी कारण उन्हें ठिकाने लगाया गया। कंपनी का प्रोजेक्ट कुल छह हजार करोड़ का है। इसी रकम का एक फीसदी रंगदारी के रूप में मांगा गया था। बात भी बन गयी थी। शर्त थी कि साल भर में भुगतान करने पर 2.40 करोड़ देना होगा और मासिक आधार पर 20 लाख रुपये देना होगा। जब बात बिगड़ गयी, तब पतरातू से शूटर चंदन साहू को शरत कुमार की हत्या की जवाबदेही दी गयी थी। रंगदारी के लिए मैसेंजर का काम केरेडारी का रहनेवाला रामचंद्र सोनी उर्फ रामा सोनी कर रहा था। भास्कर सिंह से उसकी कई बार मोबाइल पर बातचीत हुई है। पुलिस रामा सोनी को गिरफ्तार कर चुकी है।

# रांची साइक्लोथॉन 2023 का आयोजन तीन जून को

**रांची (आजाद सिपाही)।** साइकिल मेयर कनिष्क पोद्दार स्थानीय साइकिलिंग समुदाय के सदस्यों के साथ तीन जून को 'रांची साइक्लोथॉन 2023' नामक एक साइकिल कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। यह कार्यक्रम सुबह पांच बजे शुरू होगा और सुबह 7:30 बजे समाप्त होगा। यह कार्यक्रम तीन जून को अंतर्राष्ट्रीय विश्व साइकिल दिवस मनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है और बड़े पैमाने पर लोगों को स्वस्थ और फिट जीवन शैली के लिए अपने दैनिक जीवन में साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करने के लिए भी आयोजित किया जा रहा है। आधिकारिक वेबसाइट https://veloventure.in/ranchi-cyclothon पर 400 रुपये का पंजीकरण शुल्क देकर कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कर सकता है। इस कार्यक्रम में तीन श्रेणियां हैं और प्रत्येक श्रेणी के विजेता को ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि सर्किट पूरा करने वाले प्रत्येक प्रतिभागियों को फिनिशर के पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/532 नई दिल्ली, दिनांक 23.05.2023
निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532 के लिए शुद्धि पत्र सं. 8
विषय :– सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण के लिए दिनांक 30.05.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532.
विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 30.05.2023 (मंगलवार) से स्थगित कर के 30.06.2023 (शुक्रवार) कर दी गई है।
विषयगत निविदा के कुछ निबंधन एवं शर्तें आशोधित की गई है। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।
कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस)
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली–110001
ईमेल–drsm@rb.railnet.gov.in
1576/2023
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। शत्रुओं का शमन। आर्थिक समस्याओं का समाधान।

**वृष** नौकरी में उल्लास। काम पूरे होंगे। भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। उद्योग-धंधे में सफलता।

**मिथुन** भौतिक संपन्नता, रुके हुए काम पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति सुदृढ़। निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** नये लोगों से संपर्क। महिला मित्र के माध्यम से लाभ। शुभ समाचार मिलेगा।

**सिंह** जमीन-जायदाद संबंधी कार्यों में सफलता। सामयिक-सामाजिक विकास। शत्रुओं पर विजय मिलेगा।

**कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे। अवसरों का फायदा उठावें। परिवार में मांगलिक कार्य होगा।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा। आर्थिक परेशानी। तनाव-विवाद से कष्ट।

**वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल। आर्थिक लाभ होगा। मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**धनु** निराशा दूर होगी। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास। बिगड़े कार्य बनेंगे।

**मकर** धन एवं सुख की प्राप्ति। थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। वाहन सुख।

**कुंभ** शारीरिक कष्ट। वाहन दुर्घटना भय। खर्च अधिक होगा। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वंद्विता।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय। मानसिक चिंता बढ़ेगी। शत्रुओं पर विजय।

### सूबे में 27 मई तक बारिश के आसार

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के कई जिलों में अब भी तापमान 40 के पार है। कई इलाकों में हल्के बादलों ने डेरा डाल रखा है। राजधानी रांची में बुधवार सुबह को हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन दिन चढ़ते धूप निकली और लोगों को गर्मी का एहसास हुआ। रांची मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले तीन से चार दिनों में मौसम करवट ले सकता है। राजधानी रांची में प्रदूषण के कारण सही मात्रा में वर्षा नहीं हो रही। अगर प्रदूषण नहीं होता तो अब तक गर्मी से थोड़ी राहत मिल गयी होती। हालांकि, मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच गर्मी में मामूली गिरावट आयी है। मौसम विभाग के अनुसार, 29 मई तक राजधानी समेत कई जिलों में आंशिक बादल छाये रहेंगे। मेघ गर्जन के साथ बारिश की भी संभावना है। राज्य के उत्तर पूर्वी देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में 25 और 26 मई को ओलावृष्टि की संभावना है। 27, 28 और 29 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ तेज सतही हवा चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक जिन इलाकों में बारिश नहीं होगी, वहां दिन के समय बादल छाये रह सकते है। शाम में ठंडी हवाएं चलने से राहत मिल सकती है, लेकिन जिन जिलों में बादल छाये रहेंगे, वहां लोगों को दिन के समय गर्मी का एहसास होगा।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा
ई-निविदा सूचना संख्या : टीआरडी-आरएनसी-23-24-3, दिनांक : 23.05.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-आरएनसी-23-24-3, दिनांक: 23.05.2023 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कार्य का संक्षिप्त विवरण: कोचिंग डिपो/हटिया में एसपीआरटी एवं 140 टी बीडी क्रेन को रखने के लिए एकीकृत आच्छादित शेड के निर्माण के चलते ओएचई का रूपांतरण। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 12,07,230.08। जमा बयाना राशि/बोली प्रतिभूति: ₹ 24,200। बंद होने की तारीख और समय: 16.06.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: www.ireps.gov.in।
ई-निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-आरएनसी-23-24-2, दिनांक: 23.05.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-आरएनसी-23-24-2, दिनांक: 23.05.2023 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कार्य का संक्षिप्त विवरण: (i) बड़कीपोना स्टेशन पर वर्तमान प्लेटफॉर्म संख्या 1 को उच्च स्तर तक ऊंचा करने के लिए ओएचई का रूपांतरण। (ii) बरलंगा (बीएलएनजी) में 02 अदद सैंड हंप/ओवर रन लाइन के निर्माण के चलते ओएचई का रूपांतरण। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 20,82,636.92। जमा बयाना राशि/बोली प्रतिभूति: ₹ 41,700। बंद होने की तारीख और समय: 16.06.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: www.ireps.gov.in।
निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे।
(PR-199)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# स्व. राजेंद्र सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर हजारों लोगों ने श्रद्धासुमन चढ़ाये

## विधायक ने दो विद्यालय को दिये पांच कंप्यूटर

संदीप कुमार सिंह

**करगली (बेरमो) (आजाद सिपाही)।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के आवासीय कार्यालय ढोरी स्टाफ क्वार्टर में बेरमो के हर दिल अजीज, दिवंगत इंटक नेता, बेरमो के पूर्व विधायक सह मंत्री स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र विधायक अनूप सिंह और झारखंड प्रदेश के पूर्व युवा मोर्चा के अध्यक्ष कुमार गौरव ने विधिवत पूजा अर्चना कर नमन किया। इस दौरान अपने पिता की स्मृति में विधायक अनूप सिंह ने ढोरी स्थित दो विद्यालय को पांच कंप्यूटर मुहैया कराया। राजकीय मध्य विद्यालय ढोरी को तीन कंप्यूटर तथा सरस्वती शिशु मंदिर ढोरी को दो कम्प्यूटर। विदित हो कि पिछले वर्ष भी स्व राजेंद्र सिंह की स्मृति में विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने डीएवी स्कूल ढोरी को दो स्कूल बस तथा कन्या उच्च विद्यालय कथारा को एक स्कूल बस मुहैया करायी थी। पुण्यतिथि में भक्तिमय संगीत का आयोजन किया गया। विधायक अनूप सिंह ने खुद से ब्राह्मण तथा दरिद्र नारायण को भोजन करवाया। पुण्यतिथि में हजारों लोग पहुंचे। उन्होंने स्व राजेंद्र सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में बेरमो सहित कई स्थानों के श्रमिक संगठन के पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य और आमजन उपस्थित हुए। इस मौके पर आये अतिथियों और स्थानीय श्रमिक संगठन के साथियों ने राजेंद्र प्रसाद सिंह के साथ बिताये गये अपने अनुभव साझा किये। कहा कि बेरमो सहित अन्य कोयलांचल क्षेत्र में मजदूरों के हक के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिला कर अंतिम समय तक हक की लड़ाई लड़ते रहे। कहा कि राजेंद्र बाबू कोयलांचल के मसीहा के रूप में जाने जायेंगे। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, वरिष्ठ नेता शशिभूषण राय, विनय सिन्हा दीपू, बेरमो एसडीएम सह बेरमो सीओ मनोज कुमार, डीएसपी सुभाषचंद्र झा, शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो के पुत्र अखिलेश महतो, सीसीएल ढोरी के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, बीएंडके जीएम एम कोटेश्वर राव, गिरिजाशंकर पांडेय, महेंद्र विश्वकर्मा, नप के पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह, यूनियन नेता लखन लाल महतो, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता मदन मोहन अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, उत्तम सिंह, राजेश सिंह, अजय सिंह, विल्सन फ्रांसिस, परवेज अख्तर, शिवनंदन चौहान, विल्सन फर्नांसिस, अशोक मंडल, आबिद हुसैन, जवाहरलाल यादव, बिनोद महतो, गणेश मल्लाह, कृष्ण कुमार चांडक, भाई प्रमोद सिंह, जितेंद्र सिंह, राधा देवी, वसुंधरा देवी, दिलीप सिंह, पिंटू सिंह, एसओ इएंडएम जयशंकर प्रसाद, सेफ्टी ऑफिसर अरविंद शर्मा, सुरक्षा अधिकारी सीताराम यूईके, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, कल्याणी के कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, सीएमओ अरविंद कुमार सिंह, खासमहाल पीओ राजीव कुमार, बीएंडके के एसओ सिविल आरके प्रधान, मो कलाम, अजय सिंह, श्रीकांत मिश्रा, रश्मि सिंह, कैलाश ठाकुर, मुन्ना सिंह, बेरमो थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह, बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेश कुमार चौहान, गांधीनगर थाना प्रभारी अनूप कुमार, बेरमो बीडीओ मधु कुमारी, बेरमो के सभी बीडीओ और अंचल, चिकित्सक सहित हजारों लोग शामिल थे।



### राजेंद्र बाबू अजातशत्रु थे: अनूप

राजेंद्र बाबू के बड़े पुत्र सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने कहा कि आज उनकी कमी बहुत खल रही है। मेरा प्रयास है कि उनकी तरह पूरे बेरमो को एकजुट कर रख सकूं। कहां कि राजेंद्र बाबू मुख्य रूप से शिक्षा पर ज्यादा ध्यान देते थे। उन्होंने कई स्कूल और कॉलेज बनवाये। राजेंद्र बाबू की याद में हम दोनों बेटों की तरफ से दो स्कूलों में कंप्यूटर दिया गया है। इससे इस विद्यालय के बच्चे आधुनिक शिक्षा की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने कहा कि राजेंद्र बाबू अजातशत्रु थे। उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। वह सभी को साथ लेकर चलते थे। अभी उनको दुनिया में रह कर मजदूरों के लिए और काम करने की जरूरत थी। उनकी इच्छा थी कि इंटक कोल इंडिया में शामिल हो। वह काम अब पूरा हो गया है।

### बाबूजी का आशीर्वाद और आदर्श मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है : कुमार गौरव

स्वर्गीय राजेंद्र सिंह के छोटे पुत्र कुमार गौरव ने कहा कि बाबूजी के जीवन के अंतिम दिन मैं उनके पास बैठ कर प्रण लिया था कि मैं माता, भाई सहित पूरे परिवार को साथ लेकर चलूंगा। बाबूजी का आशीर्वाद और आदर्श मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

### अभिवाक तुल्य थे राजेंद्र बाबू : राजेश

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राजेंद्र बाबू अभिभावक तुल्य थे। वह पूरे देश के मजदूरों के मसीहा कहे जाते थे। उनका आज इस दुनिया में नहीं होना हमारे लिए बहुत ज्यादा दुखदाई है। उनकी कमी हमेशा खलेगी।राजेंद्र बाबू एक ऐसे इंसान थे, जो हर किसी के दुख-दर्द में शामिल हो जाते थे।

# झारखंड जगुआर के जवान से हथियार के बल पर लूटपाट, आरोपी रमजान गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र स्थित रिंग रोड झीरी के नजदीक संतोष हंसदा से लूटपाट करने के आरोप में एक अपराधी को रातू थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मो रमजान अंसारी (उम्र-25) पिता- स्व. मो गन्नी सुखदेवनगर थाना क्षेत्र पहाड़ी टोला बानो मंजिल हाफ पैंटवा मोहल्ला का रहने वाला है मो रमजान के पास से एक काला रंग का रेडमी मोबाईल और स्कूटी (जेएचडी1डीसी1498) बरामद किया है। दुमका निवासी आरक्षी संतोष हंसदा वर्तमान में झारखंड जगुआर में तैनात है।

बताया जा रहा है कि बीते शनिवार देर शाम झारखंड जगुआर का जवान संतोष हांसदा जब कैंप से काठीटाड़ स्थित अपने डेरा लौट रहे थे। इसी क्रम में झीड़ी के नजदीक दो अज्ञात स्कूटी सवार बदमाशों ने पता पूछने के बहाने



जवान को रोका और पिस्टल दिखाकर रेडमी मोबाईल, 5000 रुपये, एटीएम कार्ड, आई कार्ड समेत कई सामान लूट कर मौके से फरार हो गया। बाद में रातू थाना में संतोष हंसदा के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

### टेक्निकल सेल की मदद से हुई गिरफ्तारी

टेक्निकल सेल की मदद से पुलिस को लोकेशन की जानकारी मिली कि नारकोपी निवासी मो रमजान का साला अस्फाक अंसारी उक्त नंबर का इस्तेमाल कर रहे है। पुलिस ने जब अशफॉक से पूछताछ की तो बताया कि उसका जीजा मो रमजान उक्त मोबाईल का इस्तेमाल कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर मो रमजान को गिरफ्तार कर लिया। कांड में लूटे गए मोबाईल और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद किया गया।

# रांची के 56 परीक्षा केंद्रों में 28 को होगी यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा 28 मई को राजधानी रांची के 56 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा अन्य प्रदेश के 26054 परीक्षार्थी शामिल होंगे। यूपीएससी की परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जायेगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजकर 30 मिनट से शुरू होगी जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दो बजकर 30 मिनट से शुरू होगी। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले उम्मीदवारों के मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस परीक्षा केंद्र के बाहर जमा करा लिए जायेंगे। परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने को कहा गया है। यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन की तरफ से सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

इन कदाचार मुक्त परीक्षा के आयोजन को लेकर स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों, सहायक समन्वय पर्यवेक्षक और केंद्राधीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी को उनके कार्य और उत्तरदायित्व भी बता दिये गये हैं। स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों को परीक्षा के एक दिन पहले 27 मई को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने को कहा गया है।

# जैक मैट्रिक की परीक्षा में एक्मी क्लासेस का रहा शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में एक्मी क्लासेस के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा। संस्थान की छात्रा खुशबू कुमारी, जो एसएन मारवाड़ी स्कूल से है, 96.2% अंक लाकर पूरे झारखंड में 10वें और रांची जिला में 5वें नंबर पर रही। इसके अलावा संस्थान से 22 विधार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये, जिनमें निशा कुमारी 95.2%, तानिया कुमारी 95%, निशा कुमारी 94.4%,ज्योति कुमारी 94.4%, इशिका जोशी 94%, दीक्षा कुमारी 93.8%, आरती कुमारी 93.2%, आयुष





कुमार 93.2%, अमनदीप कुमार 93% सहित सभी विधार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए।

संस्थान के निदेशक निशांत यादव ने बताया संस्थान को शुरुआत 2009 में हुई थी, जिसके बाद से आज तक 14 वर्षों में कोई भी विधार्थी परीक्षा में असफल नहीं हुआ। साथ ही प्रत्येक वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में रांची के अधिकांश विद्यालय के टॉपर एक्मी क्लासेस से हीं रहते हैं। इस तरह के परिणाम में संस्थान के अन्य शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है, जिनमें मनीष कुमार, अतुल कुमार, सौरव चौधरी, अंकित मिश्रा, मनीष नाहा, सिमरण गुप्ता शामिल हैं।

# सरला बिरला में फिल्म मेकिंग वर्कशाप का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के फोटोग्राफी क्लब शटरबग्स के द्वारा फिल्म मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी फिल्म मेकिंग पर आधारित के प्रश्नों का उत्तर प्राप्त किया। इस अवसर पर फिल्म बना रहे छात्रों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कहा कि इसमें आप लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और आगे चलकर अपना करियर भी बना सकते हैं। इसके साथ उन्होंने बहुत सारी उदाहरण भी दिये जैसे कि राजा राममोहन राय जिन्होंने सती प्रथा के लिए अपनी आवाज उठाई। इस कुप्रथा को समाप्त किया, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म मेकिंग ही एक ऐसा माध्यम है जिससे हम अपने समाज और समाज में रह रहे लोगों के सोच को बदल सकते हैं। फिल्म के माध्यम से हम नव युवकों को एक अच्छी दिशा में गतिशील होने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। साथ ही इससे हम अपने संस्कृति के बारे में समझ विकसित कर सकते हैं। शटरबग्स क्लब के कोऑर्डिनेटर श्री चंद्रशेखर महथा ने झारखंड राज्य में उच्च स्तर पर आयोजित



होने वाली चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल की व्याख्या की और साथ ही उपस्थित छात्र-छात्राओं को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने मुख्य वक्ता डॉ सुशील कुमार 'अंकन' जी को अभिनंदन स्वरूप प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुशील कुमार 'अंकन', जो रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर पत्रकारिता विभाग में रह चुके हैं और साथ ही फॉर्मर डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन तथा उन्होंने बहुत सारी शॉर्ट फिल्म और डॉक्यूमेंट्री भी बनाई है जो कि झारखंड से जुड़ी कल्चर को प्रदर्शित कराती है। उन्होंने छात्रों के मन में उठे फिल्म मेकिंग से जुड़ा सभी प्रश्नों का बहुत विस्तार से व्याख्या किया साथ ही उन्होंने अपने जीवन में बीते अनुभव को साझा किया। उन्होंने फिल्म मेकिंग और फोटोग्राफी के बारे में बहुत सारी चीजों छात्र-छात्राओं को बतायी जैसे कि रूल ऑफ थर्ड, लाइटिंग अरेंजमेंट, शूटिंग मोड तथा कैमरा से जुड़ी तकनीकी जानकारियां साझा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से अपनी बनाई हुई शॉर्ट फिल्मों को साझा भी किया। कार्यक्रम का संचालन बीकॉम सेकंड सेम की छात्रा मानसी सिंह के द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता बी ए इकोनॉमिक्स के छात्र दिलकश आलम ने पूरा किया। फिल्म मेकिंग वर्कशॉप के सफल आयोजन में निखिल कुमार, दिलकश आलम, प्रकाश कुमार, पीयूष करमाकर, अजूबा नाग, सचिन साहू, अभय कुमार, सत्यम चौधरी, आशीष कुमार एवं अक्षांश एक्का की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, डॉ सुबानी बाड़ा, डॉ अशोक कुमार अस्थाना सहित विश्वविद्यालय के अन्य पदाअधिकारी, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# 'द ब्लैकबोर्ड' का इंटर साइंस में जलवा बरकरार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची स्थित संस्थान द ब्लैकबोर्ड ने इंटर साइंस के रिजल्ट में अपना जलवा बरकरार रखा है। झारखंड के शीर्ष 10 में से द ब्लैकबोर्ड के तीन छात्रों ने अपनी जगह बनायी है। राज्य में छठे स्थान पर आनेवाले अजलफा तम्जीद और रूपेश महतो, सातवें स्थान पर रहनेवाले अमरजीत कुमार ने अपनी पढ़ाई द ब्लैकबोर्ड से की है। अजलफा ने इंटर साइंस में कुल 94.4% अंक प्राप्त किया, इसके साथ ही ये अपने कॉलेज उर्सूलाइन इंटर कॉलेज में चौथे स्थान पर रहीं। रूपेश महतो ने भी इंटर साइंस में कुल 94.4% अंक के साथ अपने कॉलेज संत जेवियर कॉलेज में पहला स्थान प्राप्त किया है। द ब्लैकबोर्ड के छात्र अमरजीत कुमार इंटर साइंस में कुल 94.2 % के साथ अपने कॉलेज संत जेवियर कॉलेज में दूसरे स्थान पर रहे। राज्य में 11वां स्थान प्राप्त करनेवाले रजत कुमार साव 93.4% के साथ अपने कॉलेज संत जेवियर कॉलेज में तीसरे स्थान पर रहे। द ब्लैकबोर्ड के छात्र रूपेश महतो, अमरजीत कुमार, रजत कुमार साव और योगेश कुमार सिंह ने संत जेवियर कॉलेज के रैंक 1, 2, 3 और 9 को हासिल किया। वहीं संत जॉन्स इंटर कॉलेज के रैंक 2, 4, 4, 5, 9 और 10 पर द ब्लैकबोर्ड के छात्र श्याम कुमार ठाकुर, करन कुमार महतो, आशुतोष कुमार साहू, उज्जवल कुमार, यश कुमार और निरंजन साहू का कब्जा रहा। संत अलोइस इंटर कॉलेज के रैंक 1, 2, 3 पर हेमंत, पवन तथा आमिया ने परचम लहराया। संस्थान के निदेशक बिनय सिंह और सुशांत मिश्रा ने अपने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सभी छात्रों को बधाई दी, साथ ही यह भी बताया कि रांची के अलग-अलग स्कूलों में द ब्लैकबोर्ड के छात्रों ने अपना परचम लहराया है।

# नालको ने पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को पार किया
# 1544 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया

**वित्त वर्ष 22-23 में संचालन से 14,255 करोड़ का सर्वकालिक उच्च राजस्व अर्जित किया**

**नालको का चौथे तिमाही का शुद्ध लाभ क्रमिक रूप से 91 % बढ़ कर 522 करोड़ हुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार, खान मंत्रालय के तहत नवरत्न लोक उद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने वित्त वर्ष2022-23 के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन और बिक्री के साथ अपनी सभी व्यावसायिक इकाइयों में मजबूत प्रदर्शन की सूचना दी है।

निदेशक मंडल की आज हुई बैठक में रिकॉर्ड में लिए गए वित्तीय परिणामों के अनुसार, वित्त वर्ष2022-23 के दौरान नालको ने रु.ज1544 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित करने के साथ ही साथ संचालन से अब तक का सर्वाधिक राजस्व रु.14,255 करोड़ आंका गया है।

मार्च 2023 को समाप्त चौथी तिमाही के लिए शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 22-23 की तीसरी तिमाही में 274करोड़ रुपये के की तुलना में 522करोड़ रुपये हुआ।



उल्लेखनीय है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक कारोबारी माहौल, आपूर्ति-मांग और बाजार में उतार-चढ़ाव के साथ-साथ उच्चनिवेश लागत ने नालको के मुनाफा को अपेक्षित रूप से प्रभावित होने के बावजूद कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 में कई मोर्चों पर अच्छी वृद्धि दर्ज की है।

वित्त वर्ष 2022-23के दौरान भीनालको की व्यावसायिक उत्कृष्टता की यात्रा जारी रही। अपनी सभी व्यावसायिक इकाइयों के सुदृढ़ प्रदर्शन से कंपनी ने 75.51 लाख टन का अब तक का सबसे अधिक बॉक्साइट उत्खनन और 21.0 लाख टन की मानक क्षमता के मुकाबले 101.1% क्षमता उपयोग करते हुए21.23 लाख टन एल्यूमिना हाइड्रेट का उत्पादन हासिल किया। कंपनी के प्रद्रावक संयंत्र ने भी लगातार दूसरे वर्ष 960 पॉट के संचालन के साथ 4.6 लाख टन की पूर्ण क्षमता का उत्पादन हासिल किया।

इसी प्रकार, बिक्री के मोर्चे पर, नालको ने अब तक का सर्वाधिक 4.64 लाख टन धातु बिक्री हासिल किया, जिसमें अब तक की सर्वाधिक घरेलू धातु बिक्री भी शामिल है।

श्रीधर पात्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, नालको ने कहा कि सभी व्यावसायिक इकाइयों में वृद्धि द्वारा समर्थित परिचालन और बिक्री के मजबूत प्रदर्शन से बेहतर परिणाम हासिल हुआ है। कच्चे माल के प्रभावी उपयोग और लागत बचत के उपायों ने भी मुनाफा में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि हम भविष्य को लेकर आशान्वित हैं और कंपनी के विकास पथ को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कंपनी का फोकस अब 5वीं स्ट्रीम रिफाइनरी परियोजना को जल्दी पूरा करने और ओडिशा में पोट्टांगी बॉक्साइट खान और उत्कल डी एवं ई कोयला ब्लॉकों के विकास पर है। श्री पात्र ने कहा कि इन खानों का परिचालन बाजार की प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने, उभरते अवसरों को भुनाने और हमारे हितधारकों को दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

# मिशन लाइफ कैंपेन शुरू, स्वस्थ पर्यावरण की ली शपथ

## पर्यावरण के अनुरूप जीवनशैली अपनाने पर दिया गया बल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत सरकार द्वारा पर्यावरण के अनुरूप जीवनशैली अपनाने को लेकर मिशन लाइफ कैंपेन की शुरुआत की गयी है। बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग सभागार में आने वाली पीढ़ियों की बेहतरी के लिए हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण को बनाये रखने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में किया गया। वरीय





पदाधिकारियों/ कार्यालय कर्मियों के साथ वर्चुअल माध्यम से डीडीसी, परियोजना पदाधिकारी एवं बीडीओ को हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए शपथ दिलायी गयी।

इस मौके पर राजेश्वरी बी ने लोगों को ऊर्जा बचाने, पानी बचाने, प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, जैविक खेती और पोषणयुक्त भोजन, कूड़ा-कचरा कम करने, स्वस्थ जीवनशैली व इलेक्ट्रॉनिक कचरा कम करने की बात कही। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा ने कहा की मिशन लाइफ का उद्देश्य ऐसी जीवनशैल अपनाना और उसे बढ़ावा देना है, जो पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाये। इस मिशन का उद्देश्य व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर छोटे कदमों और उपायों को लागू कर स्वस्थ जलवायु को बढ़ाना है। इस मौके पर संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह, उप सचिव प्रमोद कुमार एवं अवर सचिव चंद्रभूषण आदि मौजूद थे।

# लोगों की उलझन दूर करें

दो हजार रुपये के नोटों की वापसी की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गयी। अगर बैंकों से लंबी कतारें लगने या बेहिसाब भीड़ जमा हो जाने की खबरें नहीं आ रहीं तो इसकी एक वजह तो यही है कि इन नोटों का चलन काफी पहले से कम होता जा रहा था। आरबीआइ के आंकड़ों के मुताबिक 31 मार्च 2023 को सकुर्लेशन में मौजूद दो हजार के नोटों की संख्या कुल नोटों का 10.8 फीसदी ही रह गयी थी। दूसरी वजह यह भी हो सकती है कि पिछली बार यानी 2016 में हुई नोटबंदी के विपरीत इस बार इन नोटों को लीगल टेंडर बनाये रखा गया है। इन्हें बदले जाने की समयसीमा भी लंबी (30 सितंबर तक) रखी गयी है। सोमवार को खुद आरबीआइ गवर्नर ने स्पष्ट किया कि 30 सितंबर के बाद भी ये नोट मान्य होंगे और यह संकेत भी दिया कि जरूरत होने पर यह समयसीमा बढ़ायी जा सकती है। बावजूद इसके, दो हजार के नोट वापस लिये जाने की घोषणा करंसी मैनेजमेंट के लिहाज से कोई अच्छी मिसाल नहीं कही जायेगी। भले ही आबादी का बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर इस फैसले से प्रभावित न हो रहा हो, लेकिन इसमें हर आम ओ खास के लिए सरप्राइज एलीमेंट जरूर है। इसने सबको न केवल एक बार चौंका दिया, बल्कि उनके जेहन में दर्ज नोटबंदी के कड़वे अनुभव को फिर ताजा कर दिया। इसके अलावा नोटबंदी के मुकाबले ज्यादा सतर्कता और ज्यादा सहजता से अमल किये जाने के प्रयासों के बावजूद इस बार भी अनिश्चितता और असमंजस की स्थिति टाली नहीं जा सकी। सोमवार को आये आरबीआइ गवर्नर के स्पष्टीकरण के बाद भी अभी तक यह साफ नहीं है कि नोट बदलवाने के लिए बैंक जाने वालों को आइडी दिखाने और फॉर्म भरने की जरूरत होगी या नहीं। एसबीआइ की घोषणा के मुताबिक इसकी जरूरत नहीं है, लेकिन अलग-अलग बैंकों की ओर से बताया जा रहा है कि इसकी जरूरत होगी। यह भी तय नहीं है कि एक बार में अधिकतम 10 नोट बदलवाने की सीमा का क्या मतलब है। क्या यह सीमा एक दिन के लिए है या कतार में काउंटर पर आने वाली अपनी बारी से मतलब है। यानी क्या उसी समय दोबारा कतार में लगकर कोई चाहे तो दूसरी और फिर तीसरी बार भी 10-10 नोट बदलवा सकता है? इसके अलावा नोट वापसी की इस घोषणा ने यह विचित्र स्थिति पैदा कर दी है कि दो हजार के जो नोट देश की करंसी का हिस्सा हैं और आज भी लीगल टेंडर हैं, बाजार में स्वीकार नहीं किये जा रहे। इस स्थिति को निःसंदेह टाला जा सकता था। हालांकि यह बात रेखांकित किये जाने की जरूरत है कि अपने देश में करंसी की साख काफी अच्छी है। वरना डिजिटल ट्रांजिशन की इतनी तेज और सहज प्रक्रिया संभव नहीं थी, लेकिन हमारे नीति-निर्माताओं को पॉलिसी की स्थिरता से जुड़े सबकों पर शायद फिर से गौर करने की जरूरत है।

**नोट वापसी की इस घोषणा ने यह विचित्र स्थिति पैदा कर दी है कि दो हजार के जो नोट देश की करंसी का हिस्सा हैं और आज भी लीगल टेंडर हैं, बाजार में स्वीकार नहीं किये जा रहे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कर्नाटक की जीत ने निर्विवाद रूप से शासन परिवर्तन चाहने वालों को उत्साह की एक बूस्टर खुराक दी है। पिछले 4 महीनों में भाजपा ने 2 राज्य सरकारों पर नियंत्रण खो दिया है, जबकि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) से पंजाब में हुए नुक्सान की भरपाई की है। नतीजतन, इस साल के अंत में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में चुनाव होने पर भाजपा और प्रमुख विपक्षी दल दोनों के लिए दाव ऊंचे हैं।**

# सिर्फ हिंदुत्व ही नहीं जीतने के लिए और भी बहुत कुछ चाहिए

स्वप्न दासगुप्ता

कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जोरदार जीत का एक अनपेक्षित परिणाम भारत की रेटिंग को चुनावी निरंकुशता से चुनावी लोकतंत्र में अचानक अपग्रेड करना था। कम से कम उन लोगों की नजर में, जो शुरूआती डाऊनग्रेडिंग के लिए जिम्मेदार थे। 2014 के बाद से अनाथ और 2019 के बाद से स्पष्ट रूप से कड़वे एक बौद्धिक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रतिक्रिया इतनी उत्साहजनक रही कि विस्तृत ब्लूप्रिंट पहले से ही एक बिंदु के उद्देश्य के लिए तैयार किये जा रहे हैं- 2024 में नरेंद्र मोदी की हार। कर्नाटक की जीत ने निर्विवाद रूप से शासन परिवर्तन चाहने वालों को उत्साह की एक बूस्टर खुराक दी है। पिछले 4 महीनों में भाजपा ने 2 राज्य सरकारों पर नियंत्रण खो दिया है, जबकि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) से पंजाब में हुए नुक्सान की भरपाई की है।

नतीजतन, इस साल के अंत में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में चुनाव होने पर भाजपा और प्रमुख विपक्षी दल दोनों के लिए दाव ऊंचे हैं। यदि अभियान के अंतिम सप्ताह में कर्नाटक में राजनीति द्वेषपूर्ण लग रही थी तो आम चुनाव से पहले के महीनों में यह दोगुनी हो सकती है। अपने दक्षिणी गढ़ पर पकड़ बनाने में भाजपा की विफलता की निश्चित रूप से पार्टी द्वारा आंतरिक तौर पर चीर-फाड़ की जायेगी, जबकि इसके विरोधी फैसले की व्याख्या कठोर हिंदू राष्ट्रवाद की एक जोरदार अस्वीकृति के रूप में कर सकते हैं और अविश्वसनीय धर्मनिरपेक्षता के अभियान पर इसकी संभावनाओं को जोड़ सकते हैं। भाजपा द्वारा एक बहुत अलग निष्कर्ष निकालने की संभावना है।

**हिंदू एकजुटता केवल आक्रामक हिंदुत्व पर नहीं होती, इसे शासन और कल्याण पर एक प्रभावी जोर द्वारा पूरक होना चाहिए।**



**कांग्रेस के विचारकों को जातिगत जोड़-तोड़, काल्पनिक राजनीतिक एकता और भारत के विचार के उपदेशों से कहीं अधिक, इस प्रचलित सामान्य ज्ञान को तोड़ने की आवश्यकता होगी कि भारत सुरक्षित है और मोदी के नेतृत्व में बेहतर स्थिति में है। अस्तित्वगत दुविधाओं से अभिभूत कांग्रेस के लिए कर्नाटक की जीत आंतरिक शक्ति समीकरणों को नई आकृति प्रदान कर सकती है।**

अभियान के अंतिम चरण में भगवा रंग को बुलंद करने का एक स्पष्ट उद्देश्य था- पार्टी के पारंपरिक मतदाताओं को फिर से प्रेरित करना, जो अन्यथा अपनी सरकार के कमजोर प्रदर्शन से निराश थे। अपने 36 प्रतिशत वोट शेयर को बनाये रखने में भाजपा की सफलता कोई छोटी उपलब्धि नहीं थी और यह पूरी तरह से एक उच्च भावनात्मक मोर्चे पर अभियान के समापन के कारण था। प्रचार के आखिरी दिनों में पूरी तरह से 'वैचारिक' गला घोंटना भाजपा के अभियानों की विशेषता रही है। हालांकि उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में यह सोशल इंजीनियरिंग से पहले था और शासन के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता था। यह दृष्टिकोण कर्नाटक में विफल रहा क्योंकि तथाकथित 40 भ्रष्टाचार की चर्चा और किसी प्रेरणादायक स्थानीय चेहरे की अनुपस्थिति ने मतदाताओं के मूड को खराब कर दिया था। इसने कांग्रेस, जिसके पास स्थानीय पार्टी का नेतृत्व करने वाले कई और जाने-पहचाने चेहरे थे, को अपनी असाधारण चार गारंटियों के साथ एक राग अलापने की शुरुआत की, जो लागू होने पर राज्य के खजाने को दिवालिया कर देंगी।

ऐसा लगता है कि हिंदू एकजुटता केवल आक्रामक हिंदुत्व पर नहीं होती, इसे शासन और कल्याण पर एक प्रभावी जोर द्वारा पूरक होना चाहिए। कर्नाटक में इनकी कमी थी। यही कारण है कि अंतिम ओवरों में हिंदू ढोल-नगाड़ों ने कांग्रेस के चारों ओर अल्पसंख्यकों को एकजुट किया, मगर हिंदू एकता का पर्याप्त स्तर हासिल नहीं किया। विडंबना यह है कि 2024 में मोदी सरकार के आगे रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री की अपनी 'पंथ अपील' के अलावा, कर्नाटक अभियान के दौरान भी भाजपा सरकार के पास विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं का एक स्पष्ट गौरवशाली रिकॉर्ड है, जो लक्षित प्रचार द्वारा समर्थित है। इनकी तुलना में विपक्ष नेतृत्वहीन और उद्देश्यहीन दिखायी देता है।

कांग्रेस के विचारकों को जातिगत जोड़-तोड़, काल्पनिक राजनीतिक एकता और भारत के विचार के उपदेशों से कहीं अधिक, इस प्रचलित सामान्य ज्ञान को तोड़ने की आवश्यकता होगी कि भारत सुरक्षित है और मोदी के नेतृत्व में बेहतर स्थिति में है। अस्तित्वगत दुविधाओं से अभिभूत कांग्रेस के लिए कर्नाटक की जीत आंतरिक शक्ति समीकरणों को नई आकृति प्रदान कर सकती है। पार्टी ने एक मजबूत स्थानीय नेतृत्व और एक स्थानीय कार्यक्रम के साथ लड़ाई लड़ी और जीती। इस तथ्य के अतिरिक्त, कि गांधी परिवार ने अपनी नाममात्र की संप्रभुता स्थापित करने के लिए क्षणभंगुर उपस्थिति दर्ज करायी।

भाजपा के पास कुछ क्षेत्रीय नेता हैं। योगी आदित्यनाथ, हिमंत बिस्वा सरमा, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, बी.एस. येद्दियुरप्पा और देवेंद्र फडनवीस उल्लेखनीय हैं। हालांकि इसके कई अन्य स्थानीय चेहरों में अधिकार और स्वतंत्र जन अपील की कमी है। राज्यों के चुनाव भी अध्यक्षीय प्रकृति के होते जा रहे हैं और विशेष रूप से क्षेत्रीय दलों का सामना करते समय भाजपा अक्सर केंद्र की ताकत को पूरी तरह से भुनाने में असमर्थ रहती है। राज्य के नेताओं को सशक्त बनाना और स्थानीय और राष्ट्रीय के बीच एक पारस्परिक रूप से लाभप्रद तालमेल विकसित करना ऐसी चुनौतियां हैं, जिन्हें पार्टी को इस भयंकर प्रतिस्पर्धी राजनीति के युग में स्वीकार करने की आवश्यकता है।

## जमशेदपुर/ रामगढ़ की खबरें

# पटमदा लैंपस में धान बीज विक्रय केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा लेम्पस में ग्रामीणों की सुविधा के लिए बुधवार को धान बीज विक्रय केंद्र का उद्घाटन जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, बीडीओ अरविंद बेदिया, बीसीओ संतोष कुमार व झामुमो नेता महाबीर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अब लैम्पस में 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को बीज उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने पटमदा प्रखंड क्षेत्र के 4 किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर एमटीयू 7029 प्रजाति के धान बीज उपलब्ध कराया। इस अवसर पर लैम्पस सचिव रामपद महतो ने बताया झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग के द्वारा किसानों को अनुदानित दर पर धान बीज उपलब्ध कराने के लिए केंद्र का उद्घाटन किया गया। केंद्र से किस्म एमटीआर 7029 धान 17.80 रु प्रति किलो की दर पर ब्लॉक चेन में पंजीकृत किसानों को दिया जायेगा। फिलहाल लैम्पस में एमटीयू 7029 प्रजाति के 40 क्विंटल धान बीज उपलब्ध है। बहुत जल्द आईआर 64 धान भी मिलेगा। उन्होंने बताया धान बीज खरीदने के पहले किसानों को जमीन का खतियान और आधार कार्ड देकर लैम्पस में रजिस्ट्रेशन करना होगा। इस दौरान बीडीओ अरविंद बेदिया, बीसीओ संतोष कुमार, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, महाबीर मुर्मू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, एटीएम जितेन रुहिदास, सालगे सोरेन, निर्मल क्रांति दास समेत अन्य मौजूद रहे।

# कुचाई प्रखंड की विभिन्न योजनाओं का उप विकास आयुक्त नें किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुचाई।** सरायकेला खरसावां जिले के कुचाई प्रखंड अंतर्गत विभिन्न योजनाओं स्थल का उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागरायी नें निरिक्षण किया। बुधवार को कुचाई प्रखंड के छोटासेगाई पंचायत में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाए, वाटर शेड डेवलोपनेंट द्वारा निमार्णाधीन अमृत सरोवर, परसुड फण्ड अंतर्गत कृषि विभाग के देख रेख में लगभग 4.25 करोड़ के लागत से निर्माणधीन टेक्नो पार्क का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में टेक्नोपार्क की कार्य प्रगति काफी धीमी पायी गयी। जिसपर संबन्धित समवेदक को कार्य में सुधारात्मक प्रगति लाने के निदेश दिया गया। श्री गागराई ने जिला कृषि पदाधिकारी को संवेदक के साथ आपसी तालमेल स्थापित करते हुये योजना को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करनें का निदेश दिए। उन्होंने कहा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की कार्य प्रगति धीमा कार्य योजना के उद्देश्य को प्रभावित करता है। योजना को गति प्रदान करने के लिए पदाधिकारियों को निरंतर समीक्षा करने का निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त के साथ जिला कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चौका में डिजिटल ट्रांजेक्शन के लिए सक्षम सेंटर का उद्घाटन




**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चौका चावलीबासा क्लस्टर ऑफिस में डिजिटल ट्रांजेक्शन के लिए सक्षम सेंटर का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को केंद्र का उद्घाटन चांडिल की प्रमुख अमला मुर्मू और चावलीबासा पंचायत की ममता हेंब्रम के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर जेंडर सीआरपी सीमा देवी,रीना महतो, बीसी सखी हिमानी महतो, बनुश्री महतो, एफएल सीआरपी सेविका महतो, आलोबंती देवी,चौका संकुल के पदाधिकारी जयशंकर प्रमाणिक, पीआरपी सहित अन्य सक्रिय महिला शामिल रहे।

# बरकाकाना काली मंदिर के समीप वृद्ध का शव मिलने से सनसनी

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग बरकाकाना रेलवे फुटबॉल ग्राउंड के समीप दक्षिणेश्वरी काली मंदिर के समीप बृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी का माहौल बन गया। शव की पहचान असित कुमार बासु पिता बंकिमचंद्र वासु जमशेदपुर निवासी के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने जब काली मंदिर में पूजा अर्चना करने को गए तो बृद्ध व्यक्ति को मंदिर के बगल में मृत अवस्था में पाया गया। जिसकी जानकारी मंदिर के पुजारी को दी गयी। मृतक के बारे में बताया गया है कि वह पहले बरकाकाना के किसी होटल में काम करता था। घटना की जानकारी बरकाकाना के आईओडब्लु, आरपीएफ को दी गयी। जानकारी मिलने के उपरांत आरपीएफ के अधिकारी अमित कुमार ने प्रयास कर उसके घर वाले से सम्पर्क कर घटना की जानकारी दी। मृतक के भतीजे ने शव को अपने साथ जमशेदपुर लें जाने की बात कहीं। थाना द्वारा कागजी प्रक्रिया सम्पन्न कर शव परिजनों को सौंपेगी।

# कोयला लदा ट्रैक्टर और ओमनी जब्त, मामला दर्ज

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर और ओमनी को रामगढ़ थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर श्यामनंदन सिंह ने गश्ती के दौरान गोबरदरहा चौक के पास से पकड़ा है। पुलिस को देख ओमनी और ट्रैक्टर के चालक फरार हो गए पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर रामगढ़ थाना ले आयी। इधर पुलिस ने रामगढ़ थाना कांड संख्या 129/23 अंकित करते हुए मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है पुलिस के अनुसार दोनों वाहनों में 1-1 टन अवैध कोयला लदा था।

## नये डाक अधीक्षक के आगमन पर डाकघर में सम्मान समारोह

# डाक विभाग की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें डाककर्मी: आशुतोष सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के थाना चौक स्थित प्रधान डाकघर में मंगलवार की शाम नये डाक अधीक्षक आशुतोष सिन्हा के आगमन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पोस्टमास्टर मनोज कुमार, रविशंकर राय सहित डाककर्मियों ने माल्यार्पण कर व फूलों का गुच्छा देकर उनका भव्य स्वागत किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए नये डाक अधीक्षक आसूतोष कुमार सिन्हा ने सभी डाककर्मियों को डाक विभाग की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र योजना का खाता उन्होंने डाककर्मियों को डोर टू डोर संपर्क कर खोलने का निर्देश दिया। जिसे महिलाएं सशक्त हो सकें। उन्होंने कहा कि मैं रामगढ़ सब डिविजन का सहायक डाक अधीक्षक से डाक अधीक्षक हजारीबाग बना हूं। जिसके कारण मेरी जिम्मेवारी बढ़ी है। समारोह में मंच संचालन रविशंकर राय ने किया। समारोह में ये थे उपस्थित सम्मान समारोह में मुख्य रूप से डाक सहायक रामखेलावन चौधरी, राकेश कुमार, संजय कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, प्रिया वर्णवाल, पवन कुमार, राजेश कुमार यादव, अभय तिर्की, रोहित सोनी, कृपेश सिंह, युगेश्वर रविदास, विनीत महता संतोष कुमार मुंडा, नागेंद्र सिंह, सुभम कुमार, कुंदन कुमार, बबन कुमार राय, अविनाश कुमार, अरजलाल महतो, गौरव कुमार, अरुण कुमार, मनोहर महतो, बिनोद कुमार, नवीन कुमार पासवान, आलोक पांडेय सहित कई डाककर्मी शामिल थे।

# पटेलनगर में भाजपा भुरकुंडा मंडल कार्यसमिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** पटेलनगर पंचायत भवन में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालन महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद, मंडल के पालक सुखदेव प्रसाद उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री के 9 वर्ष पूरे होने को ले आगामी 30 मई से 30 जून तक संगठन अपने बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान, कार्यकर्ता सम्मेलन आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। मौके पर योगेश दांगी, संजीव कुमार बावला, जगतार सिंह, अमितेश सिंह, अमरेश सिंह, शंकर प्रसाद, अशोक सोनी, अजय पासवान, राजेश गुप्ता, सुभाष दास, सत्येंद्र नारायण सिंह, योगेश, सत्येंद्र नारायण सिंह, अनुपम पाठक, संतोष शर्मा, गीता श्रीवास्तव, आकाश साहू, सुमन सिंह, संतन सिंह, अखिलेश टोप्पो, रीना देवी, देव कुमार सिंह, बाबूलाल नायक, भोला कुशवाहा, राजेंद्र मल्होत्रा, मोतीलाल सिंह, राजन पांडेय, कमलेश सिन्हा, जनार्दन सिंह, विनोद सिंह, बाबूलाल गोस्वामी, आनंद मंडल, प्रेम दुबे, जय प्रकाश पांडेय, संजय पांडेय सहित मंडल, जिला व प्रदेश के पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, कार्यसमिति सदस्य उपस्थित थें।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर भ्रमण सह पालकी यात्रा में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद के भावी अध्यक्ष प्रत्याशी संध्या सोनी ने सोनपुरवा निमिया स्थान में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए चांदी का मुकुट प्रदान किया। निमिया स्थान में चल रहे भगवान भास्कर एवं हनुमान के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन गढ़वा नगर भ्रमण सह पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा से पूर्व देव वस्त्राधिवास के दौरान नगर परिषद की भावी अध्यक्ष प्रत्याशी संध्या सोनी एवं युवा समाजसेवी दौलत सोनी के द्वारा तीनो देवताओं के लिए चांदी का मुकुट प्रदान किया गया। नगर भ्रमण सह पालकी यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में माताओं-बहनों एवं युवाओं ने भाग लेकर इसे अद्वितीय बनाया। इस दौरान यज्ञाचार्य आशिष वैद्य कर्मकांडी, उपाचार्य विकास शास्त्री, ब्रह्मा पंकज शास्त्री, दीपक शास्त्री, अध्यक्ष राजेश कुमार, गौतम कुमार, डबल गोंड जी, नितिन, रामजी सोनी, बंशीधर प्रसाद, राजेश गुप्ता, मिलन सोनी, विवेक सिन्हा, पवन सोनी, सन्नी शर्मा आदि हजारों की संख्या में सनातनी युवा-युवतियां उपस्थित थे।

## रेफरल अस्पताल में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को लगेगा नेत्र जांच शिविर



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफरल अस्पताल में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को विशेष आंख जांच शिविर लगाया जाएगा। इसको लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके संबंध में बताते चलें कि रंका रेफरल अस्पताल में नेत्र चिकित्सक के पद पर डॉ प्रमोद उरांव की पदस्थापना फिलहाल हुई है। जिसके बाद से नेत्र चिकित्सक के द्वारा आंखों की समस्या के लिए विशेष व्यवस्था करने के साथ-साथ मरीजों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था व तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके संबंध में नेत्र चिकित्सक प्रमोद उरांव ने बताया कि रंका सीएचसी अंतर्गत आंख के मरीजों को असुविधा के कारण बाहर भटकना पड़ता था जो अब भटकना नहीं पड़ेगा। आंख के इलाज संबंधी सभी व्यवस्था रंका रेफरल अस्पताल में मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि आंख जांच और इलाज के लिए प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को आंख जांच का विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आंख जांच के साथ-साथ इलाज, दवा और चश्मा भी मरीजों को मुफ्त में देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी आंख के मरीजों को इसकी सूचना देने का निर्देश सहिया को दिया गया है ताकि अधिकाधिक संख्या में गांव गांव से आंख के मरीज आ सकें और अपना इलाज करा सकें।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल के बच्चों ने समर कैंप में हॉर्सराइडिंग का लिया प्रशिक्षण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ओक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल नारायणपुर गढ़वा में चल रहे समर कैंप के सातवें दिन सभी बच्चों ने हॉर्स राइडिंग की। जिससे बच्चे काफी उत्साहित दिखे। इसके आलावा बॉक्सिंग ताइक्वांडो, आर्चरी, रायफल शूटिंग के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक सूरज कुमार, प्रवेश कुमार तिवारी ने बच्चों को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक सुमित कुमार, अमित कुमार, देवव्रत मिश्रा, सत्यप्रकाश कुमार, नीरज कुमार, सूरज कुमार, अलोक कुमार, रागनी कुमारी, अलका लकड़ा, नम्रता, अंजलि, सुतापा, रशमी, नेहा, कविता आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**बैठक :** उपायुक्त ने की जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् की कार्यकारिणी निकाय एवं शासी निकाय की बैठक

# गढ़वा जिला अंतर्गत अधिसूचित पर्यटन स्थल को लेकर किया गया विचार विमर्श

**जनप्रतिनिधियों की ओर से के दिये गये प्रस्ताव पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** जिला अन्तर्गत अधिसूचित पर्यटक स्थलों के विकास के संदर्भ में विचार विमर्श हेतु आज समाहरणालय गढ़वा के सभागार में उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् गढ़वा की कार्यकारिणी निकाय एवं शासी निकाय की बैठक की गई। बैठक में गढ़वा जिला अंतर्गत अधिसूचित पर्यटन स्थल को लेकर विचार विमर्श किया गया। पर्यटन स्थलों में मुख्य रूप से बाबा बंशीधर मंदिर श्री बंशीधर नगर, सतबहिनी झरना कांडी, गुरु सिंधु जलप्रपात चिनियां, माँ गढ़देवी मंदिर गढ़वा, अन्नराज डैम गढ़वा, बाबा खोंहरनाथ मंदिर तिलदाग गढ़वा, नक्षत्र वन रंका, भलपहाड़ी मंदिर रंका, सुखलदरी जलप्रपात, धुरकी, राजा पहाड़ी शिव मंदिर, नगर उंटारी, माँ चुतुभुर्जी भगवती मंदिर केतार समेत अन्य पर्यटन स्थलों पर चर्चा हुई। बैठक में गढ़वा जिला अंतर्गत पर्यटन स्थलों में कराए गए कार्यों से संबंधित विवरण भी प्रस्तुत की गई। पर्यटन मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्राप्त आवंटन के आलोक में बैठक में उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला में कई अन्य पर्यटन क्षेत्र के विकास को लेकर विभिन्न प्रकार के प्रस्ताव एवं सुझाव दिए गए। जनप्रतिनिधियों द्वारा मां गढ़देवी महोत्सव का आयोजन का प्रस्ताव, नारायण वन केतार, रामलला मंदिर गढ़वा, ब्रह्म स्थान लगमा, तारामंडल, सरूवत पहाड़ी समेत लगमा ब्रह्मस्थान में सामुदायिक भवन निर्माण, चारदीवारी निर्माण, विवाह मंडप का निर्माण कराने समेत अन्य का प्रस्ताव दिया गया। उपायुक्त ने सभी प्रस्तावों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। जिससे जिले के पर्यटन क्षेत्र का विकास कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके।

बैठक में जिप अध्यक्ष शान्ति देवी, डीडीसी राजेश कुमार राय, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी, दिलीप यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी शशि कुमार, एसडीओ श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार समेत सांसद प्रतिनिधि गढ़वा प्रमोद चौबे, विधायक प्रतिनिधि गढ़वा धीरज दुबे, विधायक प्रतिनिधि भवनाथपुर राजीव रंजन तिवारी, विधायक प्रतिनिधि विश्रामपुर चंद्रदीप चंद्रवंशी समेत गोपनीय प्रभारी समेत अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो महिला समेत चार लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग जगहों पर हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृत युवक की पहचान बनसानी गांव निवासी दुनियादयाल सिंह के पुत्र देवेंद्र सिंह के रूप में हुई है। वहीं घायलों में प्रमिला सिंह, महदैया निवासी धर्मेंद्र यादव, उसकी पत्नी किरण देवी व भाई इंद्रजीत यादव के नाम शामिल हैं। सभी घायलों को राहगीरों की मदद से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना भवनाथपुर खरौंधी मुख्य पथ स्थित रोहिनिया मोड़ के समीप घटी। घटना में बनसानी गांव निवासी देवेंद्र सिंह (25) अपनी बहन प्रमिला सिंह को बाईक पर बैठाकर पैसा निकासी करने खरौंधी जा रहा था, तभी मुख्य पथ पर रोहिनिया मोड़ के समीप उसकी तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में दोनों भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। सदर अस्पताल गढ़वा रेफर होकर आने के दौरान बहियार के समीप देवेंद्र सिंह की मौत हो गई। जबकि दूसरी घटना बगही पुल के पास घटी। जिस दौरान इंद्रजीत यादव अपने भाई धर्मेंद्र यादव तथा भाभी किरण देवी को बाईक पर बैठाकर भवनाथपुर से अपने घर महदाईंया जा रहा था, उसी दौरान बगही पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो वाहन ने उनकी बाईक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर बाईक दुर्घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर पुलिस अस्पताल पहुंची तथा घायलों से जानकारी लेने के बाद अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

## टॉप टेन विद्यार्थियों को विद्यालय बुला कर प्राचार्य ने मिठाई खिलाकर किया उत्साहवर्द्धन

**मझिगावां की कवलदाग टोला निवासी चांदनी कुमारी ने 91.60% अंक लाकर विद्यालय में टॉप किया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** जैक द्वारा आयोजित 10वीं के परीक्षाफल के बाद बुधवार को विद्यार्थियों को विद्यालय बुलाकर मिठाई खिलाकर उनका खुशी जाहिर करते हुए सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। राजकीयकृत शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक आदित्य कुमार गुप्ता ने विद्यालय में आये टॉप टेन विद्यर्थियों को विद्यालय बुलाकर मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं उन्होंने विद्यालय की टॉप टेन सूची बताते हुए कहा कि चौबे मझिगावां की कवलदाग टोला निवासी चांदनी कुमारी पिता लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा ने 91.60 % लाकर विद्यालय टॉप किया है। उन्होंने इस संबंध में बताया कि चांदनी के पिता बाहर में मजदूरी का काम करते हैं। इस परिस्थिति में भी चांदनी ने सफलता अर्जित कर अपनी काबिलियत साबित कर दिया। वहीं दूसरे स्थान पर आकांक्षा कुमारी पिता सत्यनारायण शर्मा 88.60%, तृतीय स्थान रपुरा निवासी रितेश कुमार प्रजापति पिता योगेंद्र प्रजापति 88.40%, चांदनी कुमारी 88.20%, रिया कुमारी 86.20%, शालू कुमारी 85.20, अंजली कुमारी 84.20, इंदु कुमारी 83.60, अंकज कुमार 83.20, मधु कुमारी 83 व मधुप्रिया कुमारी 83% के नाम शामिल हैं। सभी सफल विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य ने बधाई दी है।

## पत्रकार विनोद मिश्रा के पिता के निधन पर शोक

**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के बैलिया गांव निवासी दिवाकर मिश्र का इलाज के दौरान वाराणसी में बीती रात्रि निधन हो गया। वे पत्रकार विनोद मिश्रा के पिताजी थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक अपने मकान की छत पर कोई कार्य कर रहे थे, इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और नीचे गिर गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से आनन-फानन में उन्हें दुद्धी अस्पताल ले जाया गया। जहां गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। परिजनों ने तत्काल ट्रामा सेंटर में ले जाकर भर्ती कराया, जहां उन्होंने इलाज के दौरान मंगलवार की रात्रि में करीब 11 बजे अंतिम सांस ली। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव सहित इलाके में शोक की लहर है। दिवाकर मिश्र सरल एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उनका दाह संस्कार वाराणसी में ही किया गया।

## झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष ने गांवों में जाकर ग्रामीणों को सरकार की संचालित योजनाओं की दी जानकारी



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने टीम के साथ गांवों में जाकर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए तथा ग्रामीणों को झारखंड सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने रंका प्रखंड के कुड़ेलवा, विश्रामपुर, वीरबांध आदि गांव का दौरा किया। जिसमें कूड़ेलावा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि वहां लगभग 30 घर हैं, जिसमें मात्र एक चापाकल हैं, किंतु आयरन की अधिक मात्रा होने के कारण लोग पानी नहीं पीते हैं। वहां के लोगों ने पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की है। युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने बिश्रामपुर एवं वीरबांध गांव का दौरा किया और जनता की समस्याओं से रूबरू हुए। मौके पर वीरबांध के ग्रामीणों ने चिनिया मेन रोड से सिवाना से वीरबांध तक रोड का निर्माण कराने, एसआर से चापाकल लगाने, सर्वजन पेंशन आदि की मांग की। जिसे युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को अवगत करा कर सभी मांगों को पूरा कराने की आश्वासन दिया। टीम में रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, रंका प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, सचिव इरफान अंसारी, पंचायत अध्यक्ष मोबिन अंसारी, पंचायत समिति सदस्य महताब अंसारी, युवा पंचायत अध्यक्ष मौलाना सरफराज, सदस्य संतोष कुमार रवि, युवा उप सचिव राजकिशोर राम सहित दर्जनों लोगों की उपस्थिति में जन समस्याओं को सुना गया और झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

## मैट्रिक परीक्षा में उत्क्रमित उवि हलीवंता के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन




**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड माध्यमिक वार्षिक परीक्षा मैट्रिक का रिजल्ट में उत्क्रमित उच्च विद्यालय हलीवन्ता के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय के कुल 204 बच्चे परीक्षा दिए थे। जिसमें दो बच्चे मार्जिनल एवं दो बच्चे परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए थे। सफल छात्रों में प्रथम श्रेणी से 145, द्वितीय श्रेणी से 51 तथा तृतीय श्रेणी से 4 एवं मार्जिनल दो और दो अब्सेंट छात्र हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो विद्यालय का 98% इस वर्ष रिजल्ट रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उनके अभिभावक, माता पिता को विद्यालय परिवार अभिनंदन करता है एवं सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करता है। विद्यालय के विनय कुमार 90.80 प्रतिशत, रितेश ठाकुर 88.80 प्रतिशत, लवकेश कुमार 87.60 प्रतिशत, चितरंजान चौधरी 87.60 प्रतिशत, रूपेश गुप्ता– 86.60 प्रतिशत, 6 )विशाल कुमार 86.00 प्रतिशत, पवन कुमार 83.80 प्रतिशत, अर्चना कुमारी 83.60 प्रतिशत, आकृति कुमारी 82.60 प्रतिशत, आकाश कुमार चौधरी 82.20 प्रतिशत एवं रिमझिम कुमारी ने 81.00 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं।

## शॉर्ट सर्किट से घर में आग लगने से लाखों की संपत्ति जल कर हुई खाक



**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार पंचायत के नावाडीह गांव निवासी उपेंद्र कुमार बैठा के घर में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। भुक्तभोगी उपेंद्र कुमार बैठा ने बताया कि मंगलवार की रात्रि शार्ट सर्किट से आग लगी, उस वक्त घर पर कोई व्यक्ति नहीं था। गांव वालों ने घर में आग लगने की सूचना दी। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि घर के मुख्य द्वार से अंदर जाने का कोई रास्ता नहीं था। अंत में पम्प मोटर चलाकर किसी तरह आग पर काबू पाया गया। घर में रखे फ्रीज, कूलर, पंखा, आवश्यक कागजात तथा पच्चीस हजार नगद समेत लगभग दो लाख की क्षति हुई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया प्रमोद कुमार ने पहुंचकर ढाढस बंधाया तथा अंचल से मिलने वाला सरकारी लाभ दिलाने की बात कही।

**कार्यक्रम :** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में समर कैंप के समापन पर निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा

# इस तरह के आयोजन से बच्चों के बीच सामाजिक- नैतिक मूल्यों का विकास होता है

**समर कैंप में विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता






**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में गर्मी छुट्टी के बाद आयोजित समर कैंप बुधवार को संपन्न हुआ। इस समर कैंप में कक्षा 5 से कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के बीच इंटर हाउस कैरम, शतरंज व टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। वहीं कक्षा 9वीं व 10वीं के छात्र-छात्राओं के बीच कबड्डी, शॉट पुट व बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं।

इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के बीच सामाजिक व नैतिक मूल्यों का विकास होता है। खेल कूद से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। अनुशासित जीवन जीने की सीख का संचार होता है। इस तरह के कैंप का आयोजन करने से बच्चों के अंदर खेल भावना का विकास करना, उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना, शारीरिक-मानसिक विकास करना है। लगातार पढ़ाई करने से तनाव व थकान की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे में इस तरह का आयोजन उनके तनाव व थकान को दूर कर उन्हें तरोताजा करता है। खेलकूद में मिली हार व जीत उन्हें जीवन जीने की कला सिखाती है और प्रसन्नता व आनंद की अनुभूति होती है।

**परिणाम-** जूनियर ग्रुप (कक्षा 5वीं से 8वीं) टेबल टेनिस ब्वायज में हिमांशु पाल, अनुराग कुमार व सुधांशु पाण्डेय और गर्ल्स में नाबिया सबा, वैष्णवी छाया व रिद्धि तिवारी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कैरम ब्वायज में एमडी अशरफ, अंश राज व गुरुशरण और गर्ल्स में खुशबू कुमारी, सुरभि पाण्डेय, चांदनी कुमारी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

शतरंज ब्वायज में गुरुशरण, अभास पटनायक, अर्पित सिंह और गर्ल्स में श्वेता शर्मा, शिवांगी पाठक एवं सिमरन कुमारी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

सीनियर ग्रुप कबड्डी में उज्वल ग्रुप की टीम सौरव ग्रुप को पराजित कर विजेता बनी। वहीं शॉट पुट ब्वायज में प्रतीक, अनमोल व क्षितीज ने क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किये। लड़कियों के शॉट पुट में साक्षी पाल, प्रियंका भारती व दीपिका रानी ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन ब्वायज में अनुराग, सौभाग्य व आर्यन एवं बैडमिंटन गर्ल्स में आयुषी पाण्डेय, प्रियंका भारती व खुशी पासवान क्रमशः पहला दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

इस अवसर पर स्कूल के खेल शिक्षक राज कुमार, इम्तियाज खान, आशीष कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## पेंटर का बेटा बबलू 89% लाकर बना आरजी हाइस्कूल टॉपर

**कहा- डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करने का है सपना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला सदर प्रखंड मधेया पंचायत गांव निवासी मनोज प्रजापति का पुत्र बब्लू कुमार झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल समेत कोचिंग संस्थान में टॉप किया है। बब्लू कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में 89% अंक लाकर आर० गोविंद हाई स्कूल गढ़वा और कोचिंग सेंटर में पहला स्थान प्राप्त किया है। बब्लू कुमार की सफलता से माता-पिता और गुरुजन काफी प्रसन्न हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय कोचिंग संस्थान के शिक्षक पवन कुमार गिरि समेत स्कूल के अन्य शिक्षकों को दिया है।

**बब्लू के पिता पेंटर का करते हैं कार्य :** बब्लू के पिता मनोज प्रजापति ग्रामीण क्षेत्र में पेंटर का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि बब्लू शुरू से पढ़ने में अच्छा है और मेरा प्रयास रहेगा कि उसका पढ़ाई के जिस क्षेत्र में मन लगे मैं हमेशा उसके साथ हूं। बब्लू कुमार आर० गोविंद हाई स्कूल का छात्र है। घर में 5 से 6 घंटा पढ़ाई कर सफलता हासिल की है।

**बब्लू का न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर बनने का है लक्ष्य :** बब्लू कुमार ने बताया कि वह हर दिन सुबह उठकर क्लास में पिछले दिन पढ़ाई गई चीजों का रिवीजन करता था। उसके बाद स्कूल जाता था। स्कूल से लौट कर होम वर्क करता था। इस तरह प्रतिदिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई करता था। दूसरों के अच्छे मार्क्स देख कर प्रेरित होता था। परीक्षा को लेकर कभी प्रेशर नहीं लिया। सामान्य रूप से नियमित पढ़ाई करता रहा। माता-पिता ने पठन-पाठन की हर व्यवस्था दी है। इसी का परिणाम है कि मैं पहला स्थान प्राप्त कर सका। उसने बताया कि बड़ा होकर अच्छा न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर बनना है और गरीबों का सेवा करना है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 मई, 2023
www.azadsipahi.in


## राष्ट्रपति के आगमन व कार्यक्रम की प्रशासनिक तैयारियां पूरी, शहर को छह जोन में बांटकर दंडाधिकारियों की नियुक्ति

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का खूंटी दौरा आज, सुरक्षा चाक चौबंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को अमर शहीद बिरसा की धरती खूंटी पहुंच रही हैं। राष्ट्रपति खूंटी जिला मुख्यालय के बिरसा कॉलेज स्टेडियम में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में ट्राइफेड एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम की ओर से आयोजित महिला सम्मेलन में महिला स्वयं सहायता समूह के साथ संवाद करेंगी। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य राज्य मंत्री रेणुका सिंह सरूता, झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति समारोह में भाग लेंगे। महिला उद्यमियों को वनों के बारे में उनके अधिकारों, वीडीवीके के लाभों, वित्त पोषण और बाजार के संभावित मार्गों और पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्राइफेड, एनएसटीएफडीसी और केंद्र एवं राज्य सरकार के अन्य मंत्रालयों/विभागों के विविध जनजातीय शिल्प के साथ-साथ जनजातीय कला और शिल्प के लाइव प्रदर्शनों को प्रदर्शित करने वाले बूथ स्थापित करने की योजना है। जनजातीय उत्पादों का शिल्पवार प्रदर्शन 20 स्टाल में प्रस्तुत किया जाएगा, इसके लिए झारखंड और बिहार के 20 आपूर्तिकर्ताओं और वीडीवीके को उनके उत्पादों के साथ भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसमें देश भर के जनजातीय उत्पादों को प्रदर्शित करने के अलावा विभिन्न शिल्प वार स्टॉल लगाये जाएंगे। राष्ट्रपति के कार्यक्रम में 25 हजार से अधिक जनजातीय सदस्यों के भाग लेने की संभावना है। इसे लेकर सभी तैयारियों को युद्ध स्तर पर अंतिम रुप दिया जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होनेवाली हजारों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बैठने के लिए कार्यक्रम स्थल में विशाल पंडाल बनाया गया है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर बुधवार को भी राज्य के कई वरीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारी खूंटी पहुंचे और डीसी और एसपी के साथ बिरसा कॉलेज परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल और सिंबूकेल में बनाए गए हेलीपैड स्थल का मुआयना कर सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।


सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को लेकर अंतिम बैठक करते प्रशासनिक अधिकारी।

### डीसी ने एसपी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर दी अहम जारकारियां

राष्ट्रपति के आगमन को लेकर खूंटी शहर में सुरक्षा की व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। शहर को छह जोन में बांटकर डंडाधिकारियों के साथ पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। गुरुवार को बिरसा कॉलेज खूंटी स्टेडियम में आयोजित महिला स्वयं सहायता समूह सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मुख्य अतिथि के रूप से शामिल होने को लेकर खूंटी जिला प्रशासन की ओर से सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को डीसी शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारियों-अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों-कर्मियों को संयुक्त रूप से बैठक कर महत्वपूर्ण जानकारियां दी। डीसी ने कार्यक्रम के मद्देनजर जारी संयुक्त जिला आदेश को अच्छी तरह से पढ़ लेने और प्रतिनियुक्ति स्थल पर किए जानेवाले कार्यों को अच्छी तरह से समझ लेने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रवेश द्वार पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं अधिकारियों को बिना वैद्य पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश न करने देने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दिन संभावित भीड़ के मद्देनजर डीसी और एसपी ने ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सजग रहकर हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया है।

## अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी निक्की प्रधान को अर्जुन पुरस्कार देने की मांग

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड विकास मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष और समाजसेवी दिलीप मिश्रा ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड के हेसल गांव की अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी निक्की प्रधान को अर्जुन अवॉर्ड देने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती की इस अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जिन्होंने 150 से भी अधिक मैचों में देश का प्रतिनिधित्व कर राज्य और देश का नाम रोशन किया है। इस पुरस्कार का हक रखती है। उन्होंने कहा कि हेसल गांव की निक्की प्रधान बहुत ही गरीबी में पली-बढ़ी है। कहा कि झारखंड के महेंद्र सिंह धोनी के बाद निक्की प्रधान ही ऐसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है, जिन्होंने 150 अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया है।



बताया गया कि निक्की प्रधान ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक, 2016 और 2022 में सीनियर एशिया कप, 2022 में कॉमनवेल्थ गेम 2021 में सीनियर वर्ल्ड कप 2018 में एशियन चौंपियन ट्रॉफी, 2018 में एशियन गेम्स, उसी वर्ष कॉमन वेल्थ गेम और वर्ल्ड कप, 2017 में एशिया कप, 2016 में एशियन चौंपियन ट्रॉफी और 2022 में एफआईएच हॉकी विमेंस नेशनल कप में निक्की प्रधान ने अपूर्व योगदान दिया है और वह अर्जुन पुरस्कार पाने की हकदार है।

## आरटीसी स्कूल के छात्रों का बेहतर प्ररदर्शन रोशनी और सुबोध महतो बने विद्यालय टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को मैट्रिक का परीक्षा फल परिणाम आते हैं बच्चों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर के छात्रों ने इस बार बाजी मारी। रोशनी कुमारी एवं सुबोध महतो 94.80 अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने। वहीं नेहा महतो 94.40 लाकर दूसरे स्थान पर और गणेश कोइरी 93.80 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। अमन कुमार पटेल 93.20 के साथ चौथे, रेनू कुमारी 93.00 अंक के साथ पांचवा, दीपिका कुमारी 92.60 अंक के साथ छठे स्थान पर रही। वहीं, नीलम कुमारी 92.40 अंक, गंगा कुमारी 91.80 अंक, मो रेहान आलम 91.80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल के प्रधानाध्यापक तुलसीदास महतो ने बताया कि विद्यालय के 188 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी, जिसमें सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। छात्र-छात्राओं द्वारा बेहतर प्रदर्शन के लिए विद्यालय के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी विद्यालय के निदेशक शोभाराम महतो, अध्यापिका सुषमा देवी, शिक्षक नवल किशोर महतो और धर्मेंद्र कुमार पांडे आदि ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, छात्र-छात्राओं के माता-पिता ने अपने बच्चों को आशीर्वाद देकर खुशी जाहिर की। वहीं, बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

### मुकेश बेदिया 85.20 फीसदी अंक के साथ विद्यालय टॉपर





**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** आदर्श उच्च विद्यालय छोटा मुरी में मैट्रिक में छात्र छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन रहा। मुकेश बेदिया 85.20 अंक लाकर विद्यालय का टॉपर बना। वहीं, सागर रवानी 84.40 अंक लाकर दूसरे स्थान पर काबिज रहा। देव बड़ाईक 84 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहा। इनके अलावा अमित कुमार बेदिया 83.40 फीसदी, मल्लिका कुमारी 82 फीसदी, दीपक महतो 79.60 फीसदी, पूरन हजाम 78.20, सुमन कुमारी 75.80, नंदिनी कुमारी 74.20 निखिल प्रजापति 73 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉप 10 में रहे। प्रभारी प्रधानाध्यापक पुष्पा महतो ने बताया कि विधालय से कुल 65 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था, जिसमें 62 उत्तीर्ण हुए। उनकी सफलता पर प्रधानाध्यापक डॉ अनिल कुमार, शिक्षक वासुदेव महतो, अनिता नायक, राकेश महतो, जुबंती कुमारी, सविता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्राण नाथ महतो, फैयुदीन अंसारी और विकास कुमार ने बधाई दी है।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने बंदी को सफल बनाने को लेकर कसी कमर



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया में 29 मई को आहूत बंद को सफल बनाने के लिए रैयत विस्थापित मोर्चा ने कमर कस ली है। मोर्चा की ओर से लगातार सभी परियोजना एवं विस्थापित गांव में बैठक और गेट मीटिंग कर बंदी को सफल बनाने की अपील की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को रोहिणी परियोजना में गेट मीटिंग की गयी। जिसके माध्यम से मोर्चा के एरिया सह सचिव राम लखन गंझू ने परियोजना के कामगारों से 29 मई को बंदी को सफल बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की। रोहिणी शाखा अध्यक्ष अमृत भोगता ने कहा कि मोर्चा की ओर से 29 मई को एनके एरिया बंदी का आह्वान किया गया है। इसलिए कामगारों से अपील की है कि इस बंदी में रैयत विस्थापितो को सहयोग करे, ताकि रैयत विस्थापितों को उनका हक अधिकार मिल सके। वहीं मजदूरों ने भी मोर्चा को बंदी में सहयोग करने का भरोसा दिया है। इस मौके पर प्रकाश महतो, प्रभाकर गंझू, शिवनारायण लोहरा, रामधारी गंझू, कुलदीप प्रसाद, हेमलाल गंझू, रविंद्र मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे। इधर, मोर्चा ने मानकी बस्ती में भी ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता रूपलाल गंझू एवं संचालन आनंद गंझू ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने उपस्थित ग्रामीण विस्थापितो से बंदी को सफल बनाने का आह्वान किया। कहा कि अब वक्त आ गया है कि सीसीएल प्रबंधन को विस्थापितो की ताकत का अहसास कराए। रैयत विस्थापितो की उपेक्षा करके कोयला खदान नहीं चल सकता है। विस्थापित अब प्रबंधन की नीति को समझ चुके हैं। उनके साथ अपने हक अधिकार एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी भी तरह की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की अब मनमानी नहीं चलेगा। इस मौके पर राम लखन गंझू, शिवनारायण लोहरा, प्रभाकर गंझू, दिलेश्वर यादव, कन्हाई पासी, भुनेश्वर गंझू, रूपलाल गंझू, फूलों देवी, बिफनी देवी, सोनवा देवी, रुकमणी देवी, कविता देवी नेमिया देवी, सुदाम देवी, माना देवी, लक्ष्मी देवी, बसंती देवी, मनीषा देवी, रानी देवी, राजमणि देवी, बसंती देवी, सूरजमणि देवी, मालती देवी, रंजीत गंझू, अमर कुमार गंझू, अजीत तूरी और करण गंझू आदि उपस्थित थे।

## तमाड़ में बाइक चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार

**तमाड़/रड़गांव (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के मल्हान भुईयांडीह में मंगलवार की शाम परीक्षित महतो नामक व्यक्ति के बेटे कमल किशोर महतो की बाइक चोरी हो गयी थी। वह नवागढ़ का रहनेवाला है। शाम को भुईयांडीह बाजार कुछ काम से गया था, तभी बाइक चोरी हो गयी। बात फैलते ही खोडबीन शुरू हुई तो एक लड़का भागने लगा। तो लोगों ने उसे दौड़ा कर पकड़लिया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि वे लोग बाइक चोरी कर बेचते हैं। उनकी निशानदेही पर तीन अन्य युवक भी पकड़े गए। उनके पास से बाइक भी बरामद कर ली गयी।

## बुंडू भाजपा कार्यसमिति की बैठक में सांगठनिक मजबूती और महाजनसंपर्क अभियान की सफलता को लेकर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** भाजपा बुंडू नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के बुंडू नगर अध्यक्ष आलोक दास ने की। बैठक में भाजपा की मजबूती और महा जनसंपर्क अभियान को लेकर चर्चा की गयी। लगे हाथ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा को और मजबूती लाने के लिए बूथों पर जाकर लोगों को जोड़ने का प्रयास करने की बात कही गई। बैठक में रांची के पूर्व सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह के अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह बुंडू नगर मंडल प्रभारी विनय महतो धीरज भाजपा रांची जिला ग्रामीण युवा मोर्चा के अध्यक्ष विवेकानंद जयसवाल, सृष्टिधर मांझी, रंजीत लहरी, गणेश कुम्हार, विनय जयसवाल, राजेश उरांव, दीपक साहू, बंटी चौधरी, राजकुमार महतो, किरण देवी, रेखा देवी, साजिद खान, मुकुंद्र कोइरी और राकेश भगत आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, बुंडू ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष धीरेन राम महतो की अध्यक्षता में भाजपा कार्यसमिति की बैठक बुंडू जिला परिषद में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण के प्रभारी विनोद सिंह, प्रभु दयाल बड़ाईक, सहदेव महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद, सखी देवी, महेश मुंडा, पुष्पा कुम्हार, संजय महतो, राजेश चौधरी, योगेंद्र महतो, रिलीफ महतो लक्ष्मण सिंह मुंडा, सुखदेव मुंडा, जनक मुंडा, मनोरंजन महतो और अर्जुन महतो आदि उपस्थित थे।



## पिपरवार के बेंती में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

# 30 मई से 30 जून तक आयोजित महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** भाजपा पिपरवार मंडल में मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बेंती सचिवालय में बुधवार को मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि चतरा जिला महामंत्री सह पिपरवार मंडल के जनसंपर्क प्रभारी मिथिलेश गुप्ता के अलावा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान और राजेंद्र सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में 30 मई से 30 जून तक चलाए जाने वाले महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। रंजन पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है और 2024 में पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि गरीब और लाचार व्यक्ति का दर्द सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही समझते हैं। हम सभी को उनके कार्यो पर गर्व करने की जरूरत है। वहीं मिथिलेश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के उद्देश और सिद्धांतों से अवगत कराते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी ताकत से काम करने की बात कही। कहा कि 2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा पूरी तरह से तैयार है। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता बूथ स्तर से ही पार्टी को मजबूत बनाने में जुट जाए। इस मौके पर धनराज भोगता, संजय कुमार गंझू, टनु सिंह, राजेश महतो, रीना देवी, रमेश मुंडा, गणेश भुइंया, महेश विश्वकर्मा, धीरेंद्र शर्मा, आदित्य केशरी, सुदर्शन पाल, जगदीष भोगता, रीमा देवी, दिनेश गंझू, फकीरा गंझू, रामलाल महतो, सोनू गुप्ता, पवन केशर और मनु केशरी आदि थे।


भाजपा कार्यसमिति की बैठक में शामिल कार्यकर्ता।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मैट्रिक की परीक्षा में श्योर सक्सेस के विद्यार्थियों का रहा बेहतर प्रदर्शन



खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविद्य परिषद रांची की ओर से आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में मुरहू के श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर का प्रदर्शन इस वर्ष भी सराहनीय रहा। इसे लेकर संस्थान में बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित कर सभी टॉपर छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए टॉप पांच में अपनी जगह बनाई। सभी छात्राएं सुदूर ग्रामीण इलाकों से आती हैं। संस्थान की छात्रा रूबी कुमारी औरं आयशा खातून ने 408 (81.60 फीसदी) अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से संस्थान की टॉपर बनी। अनम खान 76.20 फीसदी, आकांक्षा कुमारी 76 प्रतिशत, क्रिस्टीना हुन्नी पूर्ति 72.80 फीसदी और सूरज कुमार ने 71.80 का प्रर्शन बेहतर रहौ। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बेहतर प्रदर्शन को बरकरार रखें। उन्होंने कम अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि अंक किसी की प्रतिभा का मापदंड नहीं है। इसलिए अपने अंकों से निराश न होकर आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की ओर अग्रसर रहें। मौके पर सभी छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षिका रिया एवं पार्वती मौजूद थे।

### पिपरवार में याद किये गये पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह



पिपरवार (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर युनियन के पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय में बुधवार को यूनियन के पूर्व महामंत्री सह झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की पूण्यतिथी मनाई गई। इस अवसर पर यूनियन कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें एरिया अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और सचिव विद्यापति सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। एरिया अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना ने कहा कि स्व राजेंद्र प्रसाद के कार्यो को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। कोयला मजदूरों के हक और अधिकार के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया है। स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह मजदूरों के मसीहा थे। कोयला मजदूरों के अलावे राज्य की जनता के हक और अधिकार के लिए काफी संघर्ष किया है। उनके संघर्ष को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। वहीं, सचिव विद्यापति सिंह ने कहा कि वर्तमान में उनके पुत्र विधायक कुमार जयमंगल के नेतृत्व में मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी है। इस मौके पर कासिम उर्फ मुन्ना, विद्यापति सिंह,नकुल प्रसाद,मिथलेश शर्मा, संतोष दास, कुर्बान अंसारी, आनंद मुंडा, राहुल कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन गर्भ गृह में स्थापित किये गये भोले शंकर, भक्तों ने किया अभिषेक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के राय शिव मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ के चौथे दिन बुधवार को पूरे विधि विधान से गर्भ गृह में महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा एवं स्थापना की गई। सुबह से ही कई पंडित पुरोहितों द्वारा ग्रामीण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच महादेव स्त्रोतंम के मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। उसके बाद पुरोहितों ने पूरे विधि विधान से मंदिर के गर्भ गृह में शिवलिंग की स्थापना की। इसके बाद उत्साहित शिवभक्तों ने आस्था, भक्ति एवं श्रद्धापूर्वक हर-हर महादेव के नारों के साथ शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया। महायज्ञ के पांचवें और अंतिम दिन भंडारे का आयोजन किया गया है। रात में भक्ति जागरण का आयोजन होगा। महायज्ञ को सफल बनाने में नागेश्वर महतो, गणेश महतो, शत्रुध्न नायक, जगदीश सोनी, शंकर सिंह, उदय प्रताप सिंह, दुर्गा प्रसाद महतो, एतवारा महतो, अशोक महतो, दीपक कुमार, संतोष प्रजापति, नरेश महतो साहित समिति के लोगों की भूमिका सराहनीय रही।

### 1213 किलो अफीम डोडा के साथ एक गिरफ्तार

खूंटी (आजाद सिपाही)। एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मारंगहादा थानांतर्गत गटिगढ़ा गांव के जंगल झाड़ी क्षेत्र में बुधवार को छापामारी अभियान चलाकर एक पिकअप वाहन पर 65 बोरों में लदे गए 1213 किलो अवैध अफीम डोडा को जब्त किया। पुलिस ने रांची के नामकुम थानांतर्गत कतलाहेस्सा गांव निवासी रूसु मुंडा नामक एक आरोपित को भई गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अवैध अफीम डोडा को वाहन सहित जब्त कर लिया गया है। साथ ही गिरफ्तार आरोपित रूसु मुंडा के विरुद्ध मारंगहादा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में मारंगहादा थाना प्रभारी अजय कुमार भगत, मारंगहादा थाना के एसआई कृष्णकांत मेहता सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### बुद्धा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया सफलता का परचम

सिल्ली (आजाद सिपाही)। बुद्धा पब्लिक स्कूल के सभी छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में परचम लहराया। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। राहुल नायक 83.6 फीसदी अंक के साथ विद्यालय टॉपर रहा। वहीं रोहन सोनी 81 फीसदी अंक के साथ द्वितीय रहा। इसके अलावा अन्य छात्र-छात्राएं 70 फीसदी से अधिक अंक लाकर अपना और अपने विद्यालय के नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल वी सुधीर राव, वाइस प्रिंसिपल गविंद्र कुमार, शिक्षक राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार महतो, विश्वरूप राय, लंकेश्वर लोहरा, प्रतिमा देवी ,सुषमा देवी ,राहुल, रांची मनी देवी ,आशा आदि ने छात्रों के अच्छे अंक लाने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### तमाड़ के जिप सदस्य को पितृ शोक

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ पश्चिमी के जिप सदस्य विजय सिंह मानकी के 85 वर्षीय पिता राखो हरि सिंह मानकी का बुधवार की सुबह सात बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार परासी में किया गया। जिसमें कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

### आजसू नेता के प्रयास से लगा ट्रांसफॉर्मर, ग्रामीणों में हर्ष

बुंडू (आजाद सिपाही)। बिचका टोली में आजसू के रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा कि पहल पर बुधवार को 200 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया, जिससे ग्रामीणों में हर्ष है। बतातें चलें ट्रांसफॉर्मर खराब होने की जानकारी राज किशोर को मिली तो उन्होंने विद्युत विभाग के महाप्रबंधक से वार्ता की थी। जिसके बाद ट्रांसफार्मर लगाया गया। साथ ही लोगों को बुंडू नगर पंचायत से जलापूर्ति करायी।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# भाजपा संगठन को सशक्त बनाने का कार्य करें कार्यकर्ता : अशोक मुंडा



**भाजपा खिजरी मंडल कार्य समिति की बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर की गयी चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** भारतीय जनता पार्टी खिजरी मंडल कार्यसमिति की बैठक बुधवार को लालखंटगा पंचायत स्थित पंचायत सचिवालय में की गयी। अध्यक्षता खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा व संचालन मंडल महामंत्री गोरखनाथ सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संगठनात्मक बातों पर चर्चा की गयी।

मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने कहा कि सहयोग निधि को सफल बनाना है। घर-घर जाकर कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित कर विशिष्ट व्यक्तियों से मिलना और पन्ना प्रमुख के साथ बैठक कर संगठन को आगे बढ़ाना है।

इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर, रांची ग्रामीण जिला संगठन प्रभारी विनोद सिंह, सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित थे।

मौके पर उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, कोषाध्यक्ष समीर राय, सुधाकर चौबे, रितेश उरांव, गोपाल चौधरी, अनिरुद्ध पांडे, नरेश साहू, रघुनाथ मुंडा, तुलसी गोप, प्रज्ञा भारती, पुष्पा चौधरी, सरोज राय, चुरामन पहान, धनसिंह मुंडा, जयंती देवी, शिल्पी शालिनी, छोटू लोहार, हरीश गंजू , बाजी मुंडा, राजेश टोप्पो, राजु लकड़ा, रमेश लकड़ा, सोहराई महली, कामेश्वर सिंह, सोहर सिंह, बुद्ध पहान, संतोष पंडा, दिलीप सिकरीवाल, सहदेव सिंह आदि मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

# बाल गोविंद उच्च विद्यालय नामकुम के टॉपर बने प्रिंस कुमार




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड आधिविद्य परिषद द्वारा जारी दसवीं बोर्ड की परीक्षा में बाल गोविंद उच्च विद्यालय नामकुम के छात्र प्रिंस कुमार 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल के टॉपर बने। स्कूल के कूल 150 छात्र परीक्षा में शामिल हुये थे। जिसमें छात्र प्रिंस कुमार 93 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, अमित कुमार महतो 92.8 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय एवं अमित रंजन दुबे 92.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल के तृतीय टॉपर रहे। वहीं, मनीषा कुमारी 92.4 प्रतिशत, निशा कुमारी 91.6 प्रतिशत, आरती कुमारी 90.6 प्रतिशत, श्वेत कुमार को 90 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये हैं। स्कूल के बेहतर प्रदर्शन के लिये स्कूल के निर्देशक प्रभुनाथ प्रसाद एवं प्राचार्य सत्य प्रकाश ने सभी बच्चों एवं अभिभावकों को बधाई दी है। इधर, जयप्रभा कमला नेहरू बालिका उच्च विद्यालय टाटीसिलवे का परीक्षा फल सौ प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा सुधा कुमारी 422 अंक लाकर विद्यालय की टॉपर रही। विद्यालय की इस उपलब्धि पर शिक्षिका अर्चना मिश्रा ने सभी शिक्षकों और छात्राओं को बधाई देते हुये कठिन परिश्रम करने की बात कही है।

# सीआइटी में फ्रेशर्स वेलकम पार्टी यूफोरिया का किया गया आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलीटेक्निक में बुधवार को फ्रेशर्स वेलकम पार्टी यूफोरिया का आयोजन किया गया। रंगारंग समारोह में विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ रोहित शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान प्रोग्राम कन्वेनर प्रो. आशीष, प्रो. साकेत, प्रो. हेमंत प्रियदर्शी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संस्थान के सचिव नवनीत सिंह ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उन्हें अनुशासित जीवन जीने की सलाह दी। प्रोग्राम कन्वेनरो ने भी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुये उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह में संस्थान की प्रो. त्रिशिता घोष द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक लोक नृत्य की खूब सराहना की गयी। कार्यक्रम में नृत्य संगीत के अलावे कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। मालूम हो कि 2021 बैच के विद्यार्थियों द्वारा 2022 बैच के विद्यार्थियों के लिये फ्रेशर्स वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया था।

# मॉडल स्कूल अनगड़ा के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रर्दशन, नगमा नाज बनी स्कूल टॉपर



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सरकारी मॉडल स्कूल अनगड़ा के विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। छात्रा नगमा नाज पिता कलीम अंसारी चिलदाग ने 95.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। वहीं स्कूल के सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। पांच बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। स्कूल के प्राचार्य आनंद मोहन सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बेड़ो में हाथियों ने सब्जी फसलों को रौंदा

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में मंगलवार की रात लगभग नौ बजे तीन जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने इसी गांव के डाकी उराईन पति टोप्पो उरांव के मीठा मक्का,मिर्चा,शिमला मिर्चा, बोदी व खीरा बनारसी उरांव के खीरा गोंगरा व सत्पुतिया जेवियर उरांव के मक्का व खीरा के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इधर घटना की सूचना पाने के बाद समाजसेवी चरवा उरांव ने वन विभाग को जानकारी दी। उन्होंने पीड़ित किसानों को प्रखंड प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इन क्षेत्रों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन जंगली हाथी उत्पात मचा रहे हैं।फसलों को खाकर व रौंदकर तथा घरों को ध्वस्त कर रहे हैं। इधर बस्ती से कुछ कदम की दूरी से आती इनकी चिंग्घाड़ सुनकर क्षेत्र के ग्रामीण रात भर अपने-अपने घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। वहीं डाकी उराईन कहना है कि महिला मंडल से पैसा लेकर खेती की थी अब उनका पैसा कैसे चुकता करेगी।

**बैठक :** भाजपा अनगड़ा मंडल कार्यसमिति की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा

# प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश घर-घर पहुंचायें : डॉ अमर चौधरी

**30 जून तक हर बूथ से लेकर हर मंडल तक कार्यक्रम आयोजित होगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** भाजपा अनगड़ा मंडल कार्यसमिति की बैठक बुधवार को सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग सभागार में मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अमर कुमार चौधरी थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, मंडल प्रभारी रोहित साहू, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा एवं राजेन्द्र मुण्डा उपस्थित हुए।

बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यकर्ताओं को महाजनसंपर्क अभियान चलाने की बात कही गई। मौके पर डॉ अमर कुमार चौधरी ने भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के निर्देश पर 30 जून तक हर बूथ से लेकर हर मंडल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिसमें महाजनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर कार्यक्रम करना है। उन्होंने बूथ स्तर से मंडल स्तर तक एकजुट होकर कार्य करने की सलाह देते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश घर-घर पहुंचाने को कहा। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की तैयारी में जुट जाने का भी आहवान किया।

मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी प्रधानमंत्री की कार्यशैली, पार्टी की विचारधारा, संगठन की मजबूती आदि को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। संचालन सुनील कुमार महतो ने किया। बैठक में मनोज कुमार चौधरी, अजय कुमार महतो, दुर्गा महतो, नरेश साहू, कामेश्वर महतो, रामसाय मुण्डा, गौरीशंकर मुण्डा, अजय भोगता, दुर्गा पहान, मंजोती देवी, संतोष महतो, राजेन्द्र महतो, सोनू महतो, अजय करमाली, बनु बेदिया, विष्णु महतो, विशेश्वर चौधरी, सुरेश महतो, विश्वनाथ मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# पेंटर की बेटी 96.6 प्रतिशत अंक लाकर बनी स्टेट की 8वीं टॉपर

**जीपी मध्य/हाई स्कूल हेसल अनगड़ा की छात्रा सादिया आफरीन ने हासिल की है यह उपलब्धि**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** कहा जाता है कि लक्ष्य, संकल्प, समर्पण और ईमानदारी से की गई मेहनत कभी जाया नहीं होती है। यही रंग जब जीवन में चढ़ता है तो कामयाबी व मंजिल कदम चुमती है। कुछ इस तरह की कहानी है जैक मैट्रिक की परीक्षा में 8वीं स्टेट टॉपर बनी सादिया आफरीन की। सादिया ने 96. 6 प्रतिशत अंक हासिल कर कमाल कर दिया।

**बेहद गरीब परिवार से आती है सादिया :** सादिया आफरीन की इस सफलता के रास्ते में कई तरह की परेशानियां आयीं परंतु उसने हिम्मत नहीं हारी। अनगड़ा प्रखंड के हेसल गांव की रहने वाली सादिया के पिता इरफान अंसारी पेशे से पेंटर हैं और मां गृहिणी हैं।

सादिया जीपी मध्य/हाईस्कूल हेसल (खोपी सरना) अनगड़ा की छात्रा है। वह पहली कक्षा से आज तक अपनी मेहनत के बल पर हमेशा क्लास में अव्वल रही है। इसने कभी कोचिंग नहीं की। स्कूल की पढ़ाई से ही इसने यह सफलता अर्जित की।

**शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन और सादिया की लगन ने बनाया टॉपर :** पढ़ाई को लेकर लगन ने ही सादिया को इस मुकाम पर पहुंचाया है। इस काम में स्कूल के प्राचार्य ब्रजेश कुमार महतो सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुरू से ही निरंतर मार्गदर्शन देने का काम किया। सादिया कहती है कि आगे उसका लक्ष्य यूपीएससी क्रेक करना है।

इधर परिणाम आने के बाद स्कूल और परिवार जश्न में डूबा हुआ है। सादिया के माता-पिता, भाई-बहन और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिठाई खिलाकर सादिया के साथ खुशियां मनायी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। सादिया ने अपनी कामयाबी का श्रेय माता-पिता और स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया।

# दसवीं बोर्ड की परीक्षा में रातू के स्कूलों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

आजाद सिपाही संवाददाता



साक्षी कुमारी | मुस्कान परवीन | अतिका परवीन | सौरभ कुमार

**रातू।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक 2023 की परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर व बाल संजीवनी एजुकेशन ब्रीज स्कूल, आदिवासी बाल विकास विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। शिशु मंदिर स्कूल के 46 छात्रों में 44 प्रथम श्रेणी से पास हुए। स्कूल के पियुष कुमार 91.4%, रीचि कुमारी व परिणिता कुमारी को 90.8% अंक मिले। बाल संजीवनी एजुकेशन ब्रीज स्कूल आमटांड़ के 19 छात्रों में सभी प्रथम श्रेणी से पास किये। स्कूल की रजनी कुमारी 91.4%, मोनित कुमार व चंदन कुमार 83.2%, ज्योति उरांव व प्रियंका कुमारी 82.6% अंक प्राप्त किये हैं। महारानी प्रेम मंजरी बालिका हाई स्कूल की स्वाति कुमारी 93.4%, नाजिया खातून 93%, गुड़िया कुमारी 92.2%, आदिवासी बाल विकास स्कूल की निशा कुमारी 91%, प्रतिमा कुमारी 86.4%, बिंदु कुमारी 86%, कृष्क उच्च विद्यालय गडरी गुडू की साक्षी कुमारी 91.8%, आशा कुमारी 89.8%, विकास कुमार 86.8% अंक, लारेंस पब्लिक हाई स्कूल हुरहुरी की मुस्कान परवीन 92.2, अतिका प्रवीण 90.2, अतिका परवीन 90.4%, नाजनी शब्बा 88.8%, बेथनी कानवेंट मखमंदरो का आकाश यादव 86.4%, कंचन प्रकाश तिग्गा 86.4%, पंकज गोप 86.2%, एपीईजी स्कूल का सौरभ कुमार 92.2%, कुणाल कुमार 91%, सनराइज पब्लिक इंगलिश स्कूल काठीटांड़ का रोहन कुमार 87%, अनम कलीम 86%, आसना कलीम 85% अंक प्राप्त किया है।

**विरोध :** एनएच 75 के निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

# धूल और गढ्ढे से लोगों का जीना हुआ दूभर, आये दिन हो रहे हादसे

**ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया गया, तो वे काम को रोक देंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** रातू प्रखंड के मुरगू स्थित एनएच 75 के निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता एवं संवेदक की मनमानी के विरुद्ध मंगलवार को मुरगू एवं आसपास के ग्रामीण आक्रोशित हो गए एवं विरोध के लिए मुरगू के पास सड़क पर उतर गए। ग्रामीण सड़क के निर्माण कार्य में हो रहे अनियमितता एवं संवेदक की मनमानी का विरोध कर रहे थे। दरअसल एनएच 75 में मुरगू के पास लगभग दो किलोमीटर का सड़क निर्माण कार्य रैयतों से जमीन अधिग्रहण नहीं हो पाने के कारण लंबित था। इधर लगभग तीन-चार महीने से जमीन अधिग्रहण के बाद सड़क का निर्माण कार्य पुनः शुरू किया गया है। संवेदक ने बिना कोई तैयारी के ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया एवं पूरी सड़क को खोद डाला। खोदी गयी सड़क में गिट्टी-बोल्डर और डस्ट भर दिया गया एवं पुल को भी तोड़ दिया। एनएच 75 की सड़क व्यस्त सड़क है, यहां 24 घंटे छोटे-बड़े वाहन विभिन्न शहरों के लिए चलते रहते हैं। ऐसे में सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है। दो किलोमीटर का सफर जानलेवा हो गया है। सड़क में पानी नहीं पड़ने के कारण धूल उड़ते रहता है जो बीमारी के साथ-साथ दुर्घटना को भी आमंत्रित कर रहा है। इधर ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य में संवेदक मनमानी कर रहा है और मानक नियमों को ताक में रखकर सड़क का निर्माण करा रहा है। पूर्व में जो सड़क बनी उसमें लगभग तीन फीट गढ्ढा खोदकर रोड की डेनसिटी चेक की गयी था उसमें गिट्टी, बोल्डर और डस्ट का मिश्रण कर रोलर चलाया गया और तब जाकर सड़क का निर्माण किया गया था। अभी जो निर्माण कार्य किया जा रहा है उसमें एक फिट भी गहराई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में जो लोग हैं वो निर्माण कार्य में सुधार भी नहीं ला रहे हैं और गलत कार्य की जिम्मेवारी भी नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया गया तो वे काम को रोक देंगे। जिसकी जिम्मेदारी एनएचएआई के अधिकारियों और संवेदक की होगी।

विरोध करने वालों में मुरगू, बेलांगी, चितरकोटा, मालटोटी आदि गांवों के भोला सिंह, राजकुमार यादव, जीवनजीत मिर्धा, लखन गोप, महावीर विश्वकर्मा, धनंजय सिंह, पंकज साहू, गंगू पाहन, सुकरा मिर्धा, राजा वर्मा, विक्की साहू, रोहित तिग्गा आदि शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# केंद्र सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता : नेहा सिंह



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी भाजपा मंडल के तत्वावधान में रविवार को मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी की अध्यक्षता में नगड़ी पंचायत भवन में कार्यसमिति की बैठक की गयी। मौके पर मंडल के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। बैठक में जिला प्रभारी नेहा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यकाल का नौ वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में पार्टी द्वारा 30 मई से 30 जून तक एक महीना का विशेष महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को सभी कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। इससे पूर्व कार्यसमिति की बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, पंकज शाहदेव, दौलत राम केसरी चूड़ामणि महतो, प्रेम सागर महतो, मंडल महामंत्री हिन्दुवा उरांव, बीजू महतो, कमलेश ओहदार, बलवंत तिर्की, अनिल गोप, अजय नायक, जय किशन महतो, आदित्य केसरी, विकास उरांव, साजन मुंडा, राजेश केसरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# जाराडीह गांव में जिप सदस्य अनगड़ा पूर्वी ने गार्डवाल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित जोन्हा प्रखंड के टाटी पंचायत अन्तर्गत जाराडीह गांव में तालाब के सामने विधायक निधि से बनने वाले 200 फीट गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलन्यास बुधवार को जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेंद्र शाही मुंडा एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव संजय सिद्धार्थ ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। विदित हो कि जाराडीह गांव में आने-जाने का जो मुख्य मार्ग से सटा हुआ यह तालाब है। पिछले कई वर्षों से वर्षा जल से कट कर रोड की मिट्टी तालाब में चली गयी थी। रोड काफी संकीर्ण हो गई थी। लोगों को वाहन से आने-जाने में कठिनाई होती थी। तालाब के पास विधायक निधि से गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास होने से गांव के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला एवं विधायक के प्रति अभार प्रकट किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजू महली, जिला सचिव दिलीप बेदिया, शंकर बेदिया, भुवनेश्वर बेदिया, जयशंकर पहान, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष छूटुलाल बेदिया, प्रखंड उपाध्यक्ष श्याम सुंदर बेदिया, पंचायत अध्यक्ष संजय महतो, पंकज गुप्ता, ग्राम प्रभारी दीनदयाल बेदिया, कार्तिक बेदिया, महेश मुंडा, बलीराम बेदिया, रंथू राम बेदिया, विश्वनाथ बेदिया, मोहन बेदिया, सरिता देवी, शांति देवी सहित अन्य चूल्हा प्रमुख उपस्थित थे।

# बेड़ो के नेहालु पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय में तीन दिनवसीय समर कैंप का समापन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नेहालू पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय डीपा टोली में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के लगभग 150 बच्चों ने खुशनुमा माहौल में विभिन्न तरह की रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। साथ ही बच्चों ने विज्ञान, गणित व भाषा सीखने के साथ-साथ ड्राइंग, पेंटिंग, ओरिगेमी सहित कई तरह के खेल गतिविधियों में भागीदारी निभाकर कई हुनर सीखे। वहीं बच्चों के द्वारा बनाई सामग्रियों एवं चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समर कैंप का समापन किया गया। वहीं मौके पर पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत ने कहा कि स्कूल में इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभाएं भरी हुई हैं। बस इसे निखारने की जरूरत है। उन्होंने कहा बच्चों को खेल, नाटक एवं मनोरंजन से विभिन्न प्रकार के गुणों की जानकारी दी जा सकती है। कार्यक्रम में शिक्षक गंगा महली, विमला देवी, अर्जुन महली, बच्चों के अभिभावक सहित ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन का सहयोग रहा। फाउंडेशन की ओर से अभिषेक मित्रा, राजेश कुमार और गुरु प्रसाद आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# बेड़ो में पड़हा राजाओं ने पड़हा जतरा समारोह को लेकर की बैठक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया गांव में पूर्व कुलपति डॉ रवीन्द्र नाथ भगत के आवासीय परिसर में बुधवार को पड़हा राजाओं ने आगामी तीन जून को बेड़ो बाजार टांड़ में होनेवाले वार्षिक पड़हा जतरा समारोह की सफलता को लेकर बैठक की। मौके पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति सह केंद्रीय पड़हा संचालन समिति बेड़ो के संरक्षक डॉ रवीन्द्र नाथ भगत ने पड़हा राजाओं व पड़हा प्रेमियों से समारोह को सफल बनाने का आह्वान किया। पड़हा राजाओं ने समारोह में पड़हा प्रेमियों से पड़हा निशान लकड़ी के बने घोड़ा, हाथी, बाघ, तेंगरा छाता, मगरमच्छ, रम्पा चल्पा, झण्डा, ढोल ढाक, मांदर, नगाड़ा व रणभेरी के साथ शोभायात्रा व समारोह में भाग लेने का संकल्प जताया। बैठक में समारोह की सफलता को लेकर विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। वहीं मौके पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम, पूर्व वीसी डॉ रवीन्द्र नाथ भगत, 8 पड़हा राजा गढ़ाटोली चरवा उरांव, 10 पड़हा राजा कटरमाली कोमल उरांव, 21 पड़हा राजा पश्चिमी ईंटाचिल्दरी महादेव उरांव, 21 पड़हा पूर्वी कुल्ली राजा मदन उरांव, 12 पड़हा राजा इटकी अमन उरांव, 7 पड़हा राजा बिरसा उरांव, प्रो. मंगा उरांव, गोयंदा उरांव, सुकरा उरांव आदि मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता सुकरा उरांव, संचालन विशु उरांव व धन्यवाद ज्ञापन गोयंदा उरांव ने किया।

### नावा बाजार में भाजपा कार्यसमिति की बैठक में महाजनसंपर्क अभियान को सफल बनाने का निर्णय

# केंद्र की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है : डॉ ईश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नवा बाजार मंडल कार्यसमिति की बैठक पंचायत कंडा के ग्राम पिपरा के धूमकुरिया भवन में हुई। जिसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद ने किया। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एसटी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह ने किया। साथ ही प्रखंड के कार्यसमिति के प्रभारी अखिलेश यादव की भी अहम भूमिका रही। बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा की ओर से निर्देशित महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाना है। संगठन को और मजबूती प्रदान करना है। कार्यसमिति प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने कहा कि 29 मई से 25 जून तक प्रखंड में 40-50 कार्यकर्ता की टोली बनाकर घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाना है। केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को आम लोगों तक पहुंचाना है। वहीं, मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर पानी की घोर समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी सुधार क्षेत्रीय विधायक की ओर से किया जाएगा। वहीं सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने कहा कि टोली बनाकर कार्यक्रम किया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीण एसटी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह, एससी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान, उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी, महामंत्री मनोज शाह, किसान मोर्चा उदय यादव, महामंत्री महेंद्र साव, उदय चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया मुन्ना भुईया, वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल राम, पंचायत अध्यक्ष अर्जुन मेहता, निर्मल, पंचायत अध्यक्ष संतोष प्रजापति, गौरी शंकर सिंह, परशुराम सिंह, उपाध्यक्ष अशोक पाल, गुड्डू चंद्रवंशी, विश्वनाथ यादव और सुदेश यादव आदि उपस्थित थे।


भाजपा कार्यसमिति की बैठक के दौरान उपस्थित वरिष्ठ नेता-कार्यकर्ता।

### इन लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**इस दौरान भाजपा में शामिल हुए लोगों को डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने माला पहनाकर स्वागत कियाष भाजपा का दामन थामने वालों में उमेश यादव,विजय यादव, जितेंद्र यादव, अशोक यादव, मनोज सिंह, उपेंद्र यादव, उपेंद्र साह, बिहारी सिंह, रमेश चंद्रवंशी, उप मुखिया सुनील सिंह, रणधीर यादव शामिल है।**

# पलामू में उप मुखिया ने भाजपा नेता समेत चार लोगों को दांत से काट कर किया घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सेलारी में तिलक समारोह में आर्केस्ट्रा प्रोग्राम के दौरान जम कर मारपीट हो गयी। इस दौरान उप मुखिया रंजीत शर्मा ने कथित रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष करण शर्मा समेत चार लोगों को दांत से काट कर घायल कर दिया। इस बाबत पुलिस से शिकायत की गयी है। घायलों में करण शर्मा के अलावा नितेश शर्मा, सोमनाथ शर्मा और पवन शर्मा शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक सेलारी में सोमवार को मनोज शर्मा का तिलक समारोह था। आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया था। नितेश शर्मा ने यहां स्टेज बनाया था। मंगलवार की सुबह तक डांस प्रोग्राम चलता रहा। इस बीच स्टेज पर चढ़ने के लिए बनायी गयी सीढ़ी टूट गयी। जिसे लेकर विवाद हो गया। उप मुखिया रंजीत शर्मा ने नितेश शर्मा को भला बुरा कहा। मामला काफी बढ़ गया। इस पर रंजीत ने नितेश को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। सूचना मिलने पर नितेश के भाई और भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष करण शर्मा के अलावा सोमनाथ शर्मा और पवन शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। उनके आने के बाद दोबारा मारपीट होने लगी। इस दौरान रंजीत ने सभी को दांत से काट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया है।



## जपला विद्या मंदिर के छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा में लहराया परचम

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविद्य परिषद रांची की ओर से आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2023 में जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने बताया कि विद्यालय के 137 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। छात्र मनीष कुमार मेहता ने 95 फीसदी अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बलवंत विश्वकर्मा 94.60 फीसदी के साथ द्वितीय और अनुषा कुमारी ने 94 फीसदी अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन किया। वहीं 90 फीसदी अंक से ऊपर 45 विद्यार्थी, 80 फीसदी से ऊपर 82 विद्यार्थी और 75 फीसदी से ऊपर 10 विद्यार्थी ने अंक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने मिठाई खिलाकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।**

## फ्यूचर वाइज सुपर 30 क्लासेस के परीक्षार्थियों की जैक की परीक्षा में सफलता रही शत प्रतिशत



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भिवंडी अंतर्गत फ्यूचर वाइज सुपर 30 क्लासेस के विद्यार्थियों ने जैक की ओर से आयोजित इंटर साइंस व दसवीं बोर्ड की परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में कोचिंग के संचालक अंकुश कुमार ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन व बच्चों की अपार परिश्रम के बदौलत यह कोचिंग संस्थान 13 वर्षों से लगातार ग्रामीण क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते आ रही है। उन्होंने संस्थान के सहयोग का हर संभव आश्वासन दिया। इस दौरान संचालक ने बताया कि 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 55 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें लौली कुमारी 463, छोटू कुमार 461, रेखा कुमारी 457, कौशल सिंह 453, अक्षय कुमार 452, अमित कुमार यादव 447 अंक प्राप्त की है। जबकि इंटर साइंस के परीक्षा में 35 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें दीपक कुमार 432, विधा सागर 426, संकेत कुमार 423, प्रिंस कुमार 412 अंक लाकर अव्वल स्थान प्राप्त की है। वहीं उन्होंने बताया कि दसवीं बोर्ड एवं इंटर साइंस के शेष अन्य परीक्षार्थियों ने भी अच्छे अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं । संचालक अंकुश कुमार ने कहा कि इस सफलता में संस्थान के सभी शिक्षकों का योगदान में काफी सराहनीय रहा है।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बुलंद बिगहा गांव में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में रथ एवं घोड़े मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे। भक्तों द्वारा लगाए गए जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा बुलंद बिगहा गांव से विभिन्न रास्तों का भ्रमण करते हुए सोन नदी के तट पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने जलभायी की। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि यज्ञ से वातावरण के साथ ही मन का भी शुद्धिकरण होता है। यज्ञ से सनातन संस्कृति का गौरव बढ़ता है। कलश यात्रा में जीप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, इंटक नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, वीरेंद्र सिंह, महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश उपाध्याय, समाजसेवी मिथिलेश कुमार सिंह, कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह युवा नेता धनंजय कुमार तिवारी, भाजपा के वरीय नेता कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह, झामुमो नेता बबलू सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, धर्मराज सिंह, ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, अमित सिंह, लालधन ठाकुर, महेंद्र सिंह, सागर सिंह, डब्ल्यू सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।**

## भगवान विष्णु ने रथ पर सवार होकर किया नगर भ्रमण



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। जिला अंतर्गत विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में नव निर्मित विष्णु मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ चल रहा है। मंदिर में भगवान विष्णु सहित कई देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित होनी है। प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा से पहले बुधवार को भगवान विष्णु सहित सभी देवी देवताओं की मूर्तियों को रथ पर नगर भ्रमण कराया गया। इसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान के रथ के पीछे चल रहे श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। नगर भ्रमण के दौरान रथ तोलरा शोखा बाबा, स्टेशन, वर फाटक, चेडी दरबार सहित कईअन्य जगह गई। सभी जगहों पर भगवान की प्रतिमाओं पर फूल की बारिश हुई। इस क्रम में बटेश्वर तिवारी, दिलीप तिवारी, विजय तिवारी आदि ने अपने घर के सामने श्रद्धालुओं को जलपान कराया। रथ पर देव प्रतिमाओं के साथ यज्ञाचार्य जगतगुरु ब्रह्मदेवाचार्य जी महाराज भी मौजूद रहे। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष तुलसी तिवारी, सचिव रासबिहारी तिवारी, भाजपा नेता अमरेश तिवारी, पत्रकार राम निवास तिवारी, सुमंत तिवारी, संजय तिवारी, अरुण त्रिवेदी, गोखूल तिवारी, धीरन तिवारी, सोनी तिवारी, मुकेश तिवारी, दीपू तिवारी, श्रीराम तिवारी, अजित तिवारी, सुधीर तिवारी, नितु तिवारी, अमित तिवारी, बालमुकुंद तिवारी आदि मौजूद थे।**

## रेहला ज्ञानदीप कॉन्वेंट स्कूल का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला ज्ञान दिप कॉन्वेंट स्कूल का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के सभी छात्र-छात्रा प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। मनीष कुमार 93 फीसदी अंक लाकर स्कूल का टॉपर बना। जबकि दिव्या शुक्ला 89 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे, विवेक कुमार गौरव 87 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहा। स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय परीक्षा परिणाम से प्रशन्न दिखे। कहा कि स्कूल से 56 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी 80 फीसदी से ऊपर अंक लाकर प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। कहा कि यह सफलता विद्यालय के अनुशासन, समर्पण व बच्चो के कड़ी मेहनत का फल है।



### आरएनडीपी स्कूल की टॉपर बनी अंशिका


**रेहला-बी मोड़ स्थित आरएनडीपी स्कूल का जैक मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी छात्र-छात्रा प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुये। अंशिका कुमारी 90 फीसदी अंको के साथ स्कूल टॉपर रही। स्कूल के निदेशक संतोष शुक्ला ने कहा कि सभी टॉपर छात्र-छात्राओं को प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।**

# शिक्षा ग्रहण करने का उद्देश्य केवल रोजगार हासिल करना नहीं होना चाहिए : सुरजीत कुमार

**पलामू जिला कबड्डी टीम को गिरिडीह में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप में मिला तीसरा स्थान,**
**कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में कबड्डी टीम के सभी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विगत दिनों गिरिडीह में आयोजित नौवीं झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप-2023 के पलामू जिला के प्रतिभागियों को दुबियाखाड़ स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में बुधवार को सम्मानित किया गया। विदित हो कि गिरिडीह में 19 से 21 मई तक आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पलामू जिले के बालक वर्ग की टीम ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल की थी। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पलामू विश्रामपुर के एसडीपीओ सुरजीत कुमार के अलावा विद्यालय के निदेशक सिया चरण सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। एसडीपीओ सुजीत कुमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार हासिल करने तक ही नहीं होना चाहिए। बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास तभी संभव है जब समावेशी शिक्षा के माध्यम से संस्कार और चरित्र निर्माण हो। उन्होंने कहा कि पुराने अवधारणा के माध्यम से कहा जाता था कि खेलोगे कूदोगे होगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब। पर वर्तमान में अब ऐसा बिल्कुल नहीं है। आज बच्चे खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बना रहे हैं। वर्तमान समय में झारखंड के महेंद्र सिंह धोनी को दुनिया में कौन नहीं जानता, जिन्होंने खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। एसडीपीओ ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि कैंब्रिज पब्लिक स्कूल जैसे स्कूलों ने ऐसे प्रतिभाओं को तराशने के लिए हर संभव बच्चों को आधुनिक माहौल के साथ-साथ संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। कहा कि बोकारो, धनबाद और रांची जैसे जिलों के कबड्डी टीमों को पराजित कर तीसरे स्थान हासिल करना पलामू जिला के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बालिका वर्ग का भी हौसला बढ़ाते हुए कहा कि बालिकाओं की टीम ने गोड्डा और खूंटी जिला जैसे कबड्डी टीमों को पराजित कर यह साबित कर दिया है कि पलामू की बेटियां भी किसी अन्य जिलों से कम नहीं है। उन्होंने पलामू जिला प्रशासन के तरफ से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला प्रशासन यहां के खिलाड़ियों को हर संभव सहायता एवं सुरक्षा प्रदान करते रहेगी। संसाधनों के अभाव में प्रतिभाओं को कभी दबने नहीं दिया जाएगा। पलामू जिला के खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए उन्होंने कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई नंदकिशोर भारती को विशेष धन्यवाद दिया। इस दौरान एसडीपीओ सुरजीत कुमार, विद्यालय निदेशक सिया चरण सिंह एवं पलामू जिला कबड्डी संघ के सचिव दीपक तिवारी ने संयुक्त रूप से सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्राचार्य ई. नंद किशोर भारती ने कहा कि पलामू वासियों के लिए गौरव का विषय है कि जिले की कबड्डी टीम राज्य स्तर पर तीसरा स्थान पर रही है। जो एक कीर्तिमान है। उन्होंने कहा कि कैंब्रिज पब्लिक स्कूल जिले के सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव उन्हें मदद करेगी। वहीं, मौके पर सम्मानित होने वाले खिलाड़ी कुंदन कुमार, रोशन सिंह, किशन सिंह, निरंजन सिंह, जैकेस कुमार, अमन सिंह, प्रियांशु तिवारी, उत्सव दुबे, आकाशदीप, पीयूष पुरुषोत्तम, आदित्य कुमार, अमन शुक्ला, सच्चिदानंद, मोहम्मद रईस, अभिषेक, शाहिल सनयम, अंश कुमार, अनुभव शुक्ला, सतीश कुमार, वीरेंद्र सिंह, ऋषिका श्रीवास्तव, नेहा खातून, नेहा कुमारी, जानवी कुमारी, रिया कुमारी, जिया कुमारी, साक्षी कुमारी, अनुश्री कुमारी, नित्या कुमारी, स्वीटी कुमारी, स्वर्णा तिवारी, प्रेरणा तिवारी और इशिका आदि शामिल थीं।



## स्पोर्ट्स



**ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे 13वें हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंयिनशीप में झारखंड की टीम ने पश्चिम बंगाल की टीम को 6-1 गोल से हकार क्वार्टन फाइनल में पहुंच गयी है।**

### राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में टीम का कमाल

# पश्चिम बंगाल को हरा कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा झारखंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हॉकी झारखंड ने पश्चिम बंगाल को 6-1 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। ओड़िशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में बुधवार को खेले गए अपने दूसरे मैच में हॉकी झारखंड की टीम हॉकी पश्चिम बंगाल को छह-एक गोल से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। इससे पूर्व झारखड ने हॉकी हिमाचल को 18-0 से पराजित किया था। झारखंड टीम की ओर से फगुवा होरो ने दो गोल किए, जबकि विक्रम सोरेंग, निकोलस टोपनो, जोलेन टोपनो और अंकित एक्का ने एक-एक गोल किये। इस दिन हुए मैच में झारखंड टीम के कप्तान रोहित तिर्की को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर, झारखंड टीम के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई देने के साथ ही अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।



बंगाल की टीम को हराने के बाद प्रसन्न मुद्रा में झारखंड की टीम

# इंडिगो क्लब की ओर से आयोजित आमंत्रण कप क्रिकेट टूर्नामेंट ट्रॉफी का हुआ अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** इंडिगो क्लब और डीएसए रेलवे के संयुक्त तत्वाधान में 30 मई से शुरू होने जा रहे डे-नाईट आमंत्रण कप क्रिकेट टूर्नामेंट के शिवदानी सिंह मेमोरियल ट्रॉफी का अनावरण बुधवार को रेलवे स्टेडियम में किया गया। ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम में बतौर अतिथि रेलवे के खेल अधिकारी अजीत कुमार, रेलवे के सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार, सीनियर कमांडेंट सरफराज अहमद, सीनियर डीओएम अजंय तिवारी, पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह, 99 ग्रुप के सीएमडी श्याम पांडेय, डॉ इश्तियाक अहमद, शांतनु चौधरी मौजूद थे। सभी ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी का अनावरण किया। आयोजन समिति के सचिव एसए रहमान ने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन 30 मई से 4 जून तक रेलवे स्टेडियम में किया जा रहा है। इस डे नाइट क्रिकेट टूर्नोंट में कुल छह टीमें हिस्सा ले रही है। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 21 हजार रुपये नगद राशि और ट्राफी, जबकि उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये नकद इनाम दिया जाएगा। वहीं, अपना हॉस्पिटल की ओर से मैन ऑफ द मैच को 1500 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावे सर्वाधिक छक्का मारने वाले को भी पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर आमिर हाशमी, असीत सहाय, शकील अंसारी आदि मौजूद थे।


ट्रॉफी का अनावरण करते गणमान्य लोग।

## मैट्रिक परीक्षा में स्कूल टॉपर रही रिजवी शहर

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से संचालित बेलचंपा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से कुल 63 बच्चे मेट्रिक परीक्षा में अंग्रेजी माध्यम से शामिल हुए थे। रिजवी शहर 90 फीसदी अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। वहीं शुभम ठाकुर व अमृत प्रताप सिंह 89.20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। भाषाकर गुप्ता, शूभम तिवारी, छोटी कुमारी, शिवम कुमार व ताबिश रजा 89 फीसदी अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किये। सुप्रिया सिंह, शत्रुधन उराव, सुमित विश्वकर्मा 88.20 प्रतिशत लाकर चौथा स्थान प्राप्त की और स्नेहा कुमारी 88 प्रतिशत लाकर पांचवे स्थान पर रही। स्कूल के निदेशक अमित कुमार उर्फ बाबूल सिंह ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता जताई। कहा कि शिक्षकों का समर्पण, अभिभावक का कुशल मार्गदर्शन व बच्चों के कड़ी मेहनत का यह सुखद परिणाम है। मौके पर प्राचार्य ओम प्रकाश मिश्रा, शिक्षक अजित तिवारी, गीता पांडेय, शैलेश चौबे आदि थे।**

## सीएम की समीक्षा के बाद विभागीय सचिव ने दी जानकारी

# राज्य के गरीबों के बीच बहुत जल्द बांटे जायेंगे नौ लाख घर

- मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है
- अगले एक साल के भीतर सभी ब्लॉकों में मिशन शक्ति कैफे का निर्माण और संचालन किया जायेगा





आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** बहुत जल्द गरीब लोगों के सिर पर छत बनेगी। यह घोषणा की गई है कि राज्य के निवासियों को 9 लाख आवासीय घर वितरित किए जायेंगे। ओडिशा में जो 9 लाख आवासीय घर आए हैं, उन्हें सरकार द्वारा जल्द ही वास्तविक लाभार्थियों को वितरित किया जायेगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है। पंचायतीराज एवं पेयजल मंत्री प्रदीप कुमार अमत ने इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विभाग के कामकाज की समीक्षा के बाद यह आदेश दिया। राज्य के सभी प्रखंडों में ग्रामीण औद्योगिक पार्क स्थापित करना। यह ग्रामीण इंडस्ट्रियल पार्क मार्केटिंग लिंकेज के साथ मिशन मोड में स्थापित किया जायेगा। अगले एक साल के भीतर सभी ब्लॉकों में मिशन शक्ति कैफे का निर्माण और संचालन किया जायेगा। विभिन्न स्थानों पर अनुपयोगी एवं रिक्त पड़े सरकारी भवनों को 3 माह के अन्दर स्थानीय मिशन शक्ति समूहों को हस्तांतरित करना। ओआरएमएएस को अधिक कुशल बनाएं। सभी घरों में पेयजल आपूर्ति को प्राथमिकता दें। अब तक, राज्य के 61% ग्रामीण परिवारों को नल के माध्यम से पीने का पानी उपलब्ध कराया गया है। 57,000 करोड़ रुपये की लागत से 206 मेगा पेयजल परियोजनाएं और 13 हजार सिंगिल भिलेज पाइप जलापूर्ति परियोजनाएं शुरू की गयी हैं।

# नये ओएएस अधिकारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं गोपबंधु प्रशासन अकादमी के सहयोग से अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 2019 बैच के 31 नवनियुक्त ओएएस अधिकारियों के लिए चुनाव संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से सभी तरह के इंतजाम किया गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं अपर मुख्य प्रशासनिक सचिव श्री निकुंज बिहारी धल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और युवा ओएएस अधिकारियों को चुनाव के बारे में जानकारी दी। ये अधिकारी राज्य के विभिन्न जिलों में तैनात रहेंगे और आने वाले दिनों में होने वाले चुनाव कार्यों का संचालन करेंगे और इस चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा और युवा अधिकारी होने वाले चुनावों का प्रबंधन कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री धल ने आशा व्यक्त की कि आने वाले दिनों में होने वाले चुनाव को युवा पदाधिकारी संभाल सकेंगे। पहले दिन, युवा ओएएस अधिकारियों को मुख्य रूप से मतदाता पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारी (सहायक ईआरओ) और बूथ लेबल अधिकारी (बीएलओ) के काम और अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारिय शत्रुघ्न कर द्वारा मतदाता सूची तैयार करने का प्रशिक्षण दिये। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी संघमित्रा शतपथी ने चुनाव के दौरान चुनाव आदर्श आचरण, निष्पक्ष, पारदर्शी और मुक्त चुनाव प्रबंधन और मीडिया प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। इसी तरह, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी पद्मजा दास ने चुनाव के दौरान प्रौद्योगिकी के उपयोग और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) कार्यक्रम पर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। गुरुवार को झारसुगुड़ा उपजिलापाल किशोर चंद्र स्वाइं अपने युवा ओएएस अधिकारियों को चुनाव नामांकन पत्र जमा करने से लेकर वोटों की गिनती के अंत तक संवैधानिक नियमों पर प्रशिक्षण देंगे और युवा अधिकारियों को झारसुगुड़ा विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में संपन्न जनमत संग्रह के अनुभव से अवगत करायेंगे। इसी प्रकार दोपहर में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के ओएसडी भवानी प्रसाद राय ईवीएम एवं वीवीपीएटी से वोट कैसे प्राप्त करें, इस पर विस्तृत प्रशिक्षण देंगे तथा संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार साहू चुनाव की योजना, कर्मचारियों का प्रशिक्षण संचालित करेंगे। चुनाव प्रबंधन के लिए मतदान केंद्रों, चुनाव कार्य में लगे वाहनों और मतदान के लिए आवश्यक चुनाव सामग्री के संबंध में युवा ओएएस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गोपबंधु प्रशासनिक अकादमी के महानिदेशक राज कुमार शर्मा एवं अपर आयुक्त एवं पाठ्यक्रम निदेशक हिमांशु भूषण पंडा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बदला मैट्रिक परीक्षा का पैटर्न: बोर्ड की घोषणा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मैट्रिक (10वीं) छात्रों के लिए परीक्षा पैटर्न में एक बार बदलाव किया गया है। कोरोना महामारी के बाद मैट्रिक की परीक्षा फिर एक बार पुराने पैटर्न पर लौट रही है। मैट्रिक के छात्रों पहले की तरह परीक्षा देंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इसकी घोषणा की है। बोर्ड अध्यक्ष रामाशीष हाजरा ने प्रेसमिट में इसकी जानकारी दी। इससे पहले कोरोना के लिए बच्चों के टेस्ट पैटर्न में बदलाव किया गया था। अब जब देश कोरोना महामारी से मुक्त हो गया है तो ऐसा फैसला लिया गया है। छात्रों ने पहले जैसे पुराने फॉर्मेट में परीक्षा देंगे। जानकारी के मुताबिक एक बार फिर मैट्रिक परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किया गया है। मैट्रिक (10वीं) की परीक्षा फिर से पुराने स्वरूप में कराने का निर्णय लिया गया है। इस बदलाव के बाद छात्रों के मन से समेटिव असेसमेंट टेस्ट की चिंता दूर हो जायेगी। यानी कक्षा 10वीं में छात्रों को अव समेटिव असेसमेंट-1 और समेटिव असेसमेंट-2 नहीं देना होगा। मैट्रिक में छात्रों पहले की तरह एक ही बोर्ड की परीक्षा देंगे। कटक बोर्ड की ओर से बोर्ड के अध्यक्ष राशिश हाजरा ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले कोरोना महामारी के चलते मैट्रिक परीक्षा में बड़ा बदलाव किया गया था। 2020 में, सरकार ने कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए कक्षाओं में पढ़ने पर प्रतिबंध लगाए थे। नतीजा यह हुआ कि बच्चे बिना परीक्षा दिए ही पास हो गये। फिर 2021-22 में बोर्ड ने बच्चों के लिए पाठ्यक्रम भी कम कर दिया। इसके साथ ही स्कूल प्रशासन ने छात्रों को मैट्रिक परीक्षा पास करने के लिए 4 फॉर्मेटिव असेसमेंट और 2 समेटिव असेसमेंट टेस्ट देने की व्यवस्था की। इससे पहले गण शिक्षा मंत्री ने परीक्षा पैटर्न में बदलाव की जानकारी दीए थे। हालांकि आज इस नियम की घोषणा बोर्ड ने कर दी है।

## हर पंचायत में चलेगी 'मो बस' परिवहन सचिव ने दी जानकारी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** हर पंचायत में मो बस चलाने का निर्णय लिया गया है। अब मो बस प्रखंड मुख्यालय से हर पंचायत तक चलेगी। परिवहन सचिव उषा पाढ़ी ने इसकी जानकारी दी। राज्य सरकार ने ऐसा कदम उठाने का फैसला इसलिए किया है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में ऐसी कोई बस सुविधा नहीं है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधा उपलब्ध करायेगी। पहले चरण में 6 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया जायेगा। बाद में इसे अन्य जिलों में चलाया जायेगा। मो बस को कोरापुट, नबरंगपुर, रायगडा, मालकानगिरी, कलाहांडी और गजपति जिलों में चलाने का निर्णय लिया गया है। उक्त 6 जिलों में लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में उनकी परेशानी को देखते हुए राज्य सरकार ने ऐसा कदम उठाया है। परिवहन सचिव उषा पाढ़ी ने हर पंचायत में मो बसों के संचालन की जानकारी दी।

## यूपीएससी सीएसइ 2022 रैंक होल्डर्स की शानदार सफलता का जश्न

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने यूपीएससी सीएसई (सिविल सर्विस परीक्षा) 2022 में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा की है। अनएकेडमी के टॉप रैंकर्स में शामिल हैं- स्मृति मिश्रा (एआईआर 4), कनिका गोयल (एआईआर 9), राहुल श्रीवास्तव (एआईआर 10), अभिनव सीवच (एआईआर 12) और विदुषी सिंह (एआईआर 13)। अनएकेडमी के 300 से अधिक छात्रों ने टॉप रैंक हासिल करते हुए अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और अनएकेडमी के व्यापक लर्निंग प्लेटफॉर्म की प्रभाविता की पुष्टि की है। अनएकेडमीके छात्रों में 206 रैंक होल्डर ऑनलाईन प्रोग्राम से थे, जिन्हें भारत के टॉप शिक्षकों से मिले मार्गदर्शन का लाभ मिला है। इसके अलावा 127 रैंक होल्डर अनएकेडमी के लास्ट माईल प्रोग्राम से थे, लास्ट माईल प्रोग्राम के तहत सेवानिवृत नौकरशाहों, यूपीएससी के पूर्व सदस्यों एवं टॉप शिक्षकों द्वारा मॉक इंटरव्यू के सत्र किए जाते हैं, जो छात्रों की सफलता में बेहद कारगर साबित हुए हैं। अनएकेडमी, यूपीएससी सीएसई की तैयारी के लिए प्रमुख ऑनलाईन लर्निंग प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है, इनमें सामान्य विषयों एवं वैकल्पिक विषयों-दोनों के लिए बैच कोर्स, इंटरैक्टिव लाईव सैशन, पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप, समस्याओं के समाधान के लिए विशेष सत्र, व्यापक टेस्ट सीरीज तथा विशेषज्ञों द्वारा निबंध एवं जवाबों की जांच शामिल हैं।

## श्रृगंवरापुकोटा और बोडवरा स्टेशन के बीच दोहरीकरण कार्य

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे के वाल्टेयर डिवीजन के तहत कोट्टावलसा-किरंदुल लाइन में श्रृगंवरापुकोटा और बोड्डावरा स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन चालू करने के लिए सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य के मद्देनजर, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नलिखित के अनुसार प्रभावित करने का प्रस्ताव किया गया है। **ट्रेनों का बातिल** : 18514 विशाखापत्तनम-किरंदुल एक्सप्रेस विशाखापत्तनम से 25 से 29 मई, 2023 तक। 18513 किरंदुल-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 26 से 30 मई 2023 तक किरंदुल से। 08551 विशाखापत्तनम-किरंदुल पैसेंजर स्पेशल विशाखापत्तनम से 26 से 29 मई 2023 तक। 08552 किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर स्पेशल किरंदुल से 27 से 30 मई 2023 तक। 18512 विशाखापत्तनम-कोरापुट एक्सप्रेस विशाखापत्तनम से 26 से 29 मई, 2023 तक।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**